हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 36.4 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री



मंगला रोड की सड़क जर्जर।




INTERVIEW

अतिशीघ्र आवश्यकता है

11,12,13 March 2026

समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

5 पद- ड्राइवर पुरुष

2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष

30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष

वेतनमान अनुभव के आधार पर

योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए

फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस

इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023


## प्रशिक्षु आईपीएस जैन बनीं रतनपुर थाना प्रभारी

बिलासपुर। एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले में पदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन को नया रतनपुर थाना प्रभारी बनाया है। श्रीमती जैन ने रतनपुर थाने का चार्ज लिया है। टीआई निलेश पाण्डेय श्रीमती जैन को थाना चलाने में सहयोग करेंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय को श्रीमती जैन के द्वारा प्रमुख परेड सलामी दी गई थी।

# सभी 8 जोन को मिले 10-10 लाख, जल कर की राशि भी आपूर्ति सुधारने, पाइपलाइनों की मरम्मत और बोर खनन में खर्च होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर निगम ने पेयजल संकट से निपटने के लिए अभी से व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस वर्ष गर्मी की शुरुआत से पहले ही शहर के कई वार्डों और कॉलोनियों में पानी की कमी की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

नगर निगम ने खास तौर पर व्यवस्था की है कि जल कर (वॉटर टैक्स) से प्राप्त होने वाली संपूर्ण राशि का उपयोग केवल जल कार्यों पर ही किया जाएगा। पहले यह राशि विभिन्न अन्य मदों में खर्च हो जाती थी, लेकिन अब इसे पूरी तरह से पेयजल आपूर्ति सुधारने, जर्जर पाइपलाइनों की मरम्मत, नई पाइपलाइन बिछाने, बोर खनन और टैंकरों के माध्यम से पानी आपूर्ति जैसे कार्यों में लगाया जाएगा। इसके साथ ही सभी जोन में 10- 10 लाख रुपए की राशि से अलग से दी गई है।

शहर में पेयजल व्यवस्था सुधारने नगर निगम ने दो करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। इस राशि से पाइपलाइन की लीकेज सुधार और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर खर्च किया जाएगा। निगम प्रशासन के अनुसार शहर के आठों जोन में यह कार्य कराया जाएगा। ध्यान रहे कि शहर के कई इलाकों में आए दिन पाइप फटने, पानी की बर्बादी और आपूर्ति बाधित होने की समस्या सामने आती रही है। कई वार्डों में सुबह-शाम पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है। हालांकि निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे का कहना है कि पेयजल व्यवस्था प्राथमिकता में शामिल है और ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में पहले काम होगा।

- पेयजल संकट से निपटने निगम की कवायद, दो करोड़ की राशि का किया प्रावधान
- पाइप फटने, पानी की बर्बादी और आपूर्ति बाधित होने की समस्या सामने आने लगी



अलग खबर

### नए बोर के लिए किया गया टेंडर

महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने बताया कि पेयजल संकट की स्थिति पैदा न हो इसके लिए टीम तैयार है। इसका लक्ष्य शहर भर में जल आपूर्ति की स्थिति की नियमित निगरानी करना और गर्मी के दौरान संभावित जल संकट को समय रहते नियंत्रित करना है। इसके साथ ही गर्मी के दौरान पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने इस वर्ष नए बोर खनन भी कराए जाएंगे। इसके लिए अलग से टेंडर कर दिया गया है। हालांकि जरूरत पड़ने पर ही बोर कराए जाएंगे। इन बोरों के माध्यम से विशेष रूप से उन इलाकों में राहत पहुंचाई जाएगी, जहां हर साल जल संकट गहराता है और टैंकरों पर निर्भरता अधिक रहती है। इसके साथ ही पुराने और कम जल देने वाले बोरों की मरम्मत होगी।

### टीम तैयार है

पेयजल संकट की स्थिति पैदा न हो इसके लिए टीम तैयार है। इसका लक्ष्य शहर भर में जल आपूर्ति की स्थिति की नियमित निगरानी करना और गर्मी के दौरान संभावित जल संकट को समय रहते नियंत्रित करना है। इसके साथ ही गर्मी के दौरान पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने इस वर्ष नए बोर खनन भी कराए जाएंगे। हर जोन को अलग से 10 - 10 लाख रुपए की राशि दी गई है।

- पूजा विधानी, महापौर

### जोन कार्यालयों से मांगी गई पूरी रिपोर्ट

इसके साथ ही नगर निगम ने सभी जोन कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने वार्डों में जाकर पानी की स्थिति का निरीक्षण करें और जहां जल संकट की आशंका है, उन क्षेत्रों को चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके आधार पर वहां अतिरिक्त टैंकर, नए बोर ' या वैकल्पिक जलापूर्ति की जगह परीक्षण किया जाएगा। हालांकि कई जगहों पर जलस्तर गिरने और तकनीकी खराबी के कारण कई पम्पों से पानी की जगह हवा निकल रही है। इससे तालापारा, सरकंडा, जरहाभाठा, सिविल लाइन जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में जल संकट और गहराने की आशंका है।

### जरूरत पड़ी तो टैंकर से होगी सप्लाई

निगम के जल शाखा प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर निगम के पास उपलब्ध टैंकरों के साथ-साथ किराए के टैंकर भी चलाए जाएंगे, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित न हो। हालांकि सिरगिट्टी क्षेत्र में भी हर साल गर्मी में पानी की गंभीर समस्या होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से सिरगिट्टी तक साढ़े चार किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जा रही है। इस पर करीब 9 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं।

ई मेल पर आया मैसेज, सुनवाई रोकी गई, कैंपस खाली कराकर हुई जांच

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की फिर से धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी सोमवार को मिली। ईमेल भेजकर यह धमकी दी गई है। इसके बाद हाईकोर्ट कैंपस में डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड ने जांच किया। एहतियातन सभी अदालतों में सुनवाई रोक दी गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। ध्यान रहे कि इससे पहले 25 फरवरी को भी ऐसा ही धमकी भरा ईमेल मिला था, हालांकि जांच के बाद कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली थी। ध्यान रहे कि इससे पहले बालोद, बेमेतरा जिला कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

बता दें कि सोमवार सुबह पहले बेमेतरा जिला न्यायालय के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद कैंपस खाली कराया गया। हाईकोर्ट में दोपहर 12.50 बजे एक मेल आधिकारिक मेल आईडी में आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने इलाके को घेरकर बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड से जांच की। वहीं साइबर टीम ई-मेल भेजने वाले का पता लगा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और वहां मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ ही कोर्ट के आसपास के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर लंच के बाद ढाई बजे से फिर सभी कोर्ट लगे और सुनवाई की गई।







### एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू

ज्ञात हो कि इससे पहले 24 फरवरी को बिलासपुर हाईकोर्ट और बलौदाबाजार जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला था। सुबह इस मैसेज में हाईकोर्ट परिसर को निशाना बनाने की बात लिखी गई थी, जिसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। सोमवार को भी एहतियात के तौर पर एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर तैनात कर दी गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मेल सौरभ विश्वास की ईमेल आईडी से भेजा गया है। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है।

प्रशासन में कसावट लाने कलेक्टर ने किया फेरबदल

# एक एसडीएम व 14 तहसीलदार नायब तहसीलदार इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली के बाद राजस्व निरीक्षक व पटवारियों के लिस्ट निकलने का इंतजार किया जा रहा था, किन्तु तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की लिस्ट जारी हो गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रशासन में फेरबदल करते हुए मस्तूरी एसडीएम एवं 14 तहसीलदारों को इधर से उधर कर दिया है।

कलेक्टर द्वारा सोमवार को जारी इस आदेश के तहत फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से बताया गया है। वहीं दूसरी तरफ इसे प्रशासन में कसावट लाने का प्रयास बताया जा रहा है। मस्तूरी एसडीएम संयुक्त कलेक्टर प्रवेश पैकरा को मस्तूरी से हटाकर जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है और उन्हें डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर के प्रभार वाले कार्य सौंपे गए हैं साथ ही नजूल शाखा का भी प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर श्री कंवर को श्री पैकरा की जगह पर मस्तूरी का एसडीएम बनाया गया है।

इसके अलावा 14 तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की भी लिस्ट निकाला गया है, जिसमें अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर को बिलासपुर से सीपत का तहसीलदार, सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल को रतनपुर तहसीलदार एवं बोदरी तहसीलदार संदीप कुमार साय को मस्तूरी तहसीलदार पदस्थ किया गया है। इसी तरह रतनपुर तहसीलदार शिल्पा भगत को बोदरी तहसीलदार और मस्तूरी तहसीलदार जयंती देवांगन को नजूल तहसीलदार तथा भू-अभिलेख अधीक्षक पंकज सिंह को सहायक प्रोटोकाल अधिकारी बनाया गया है। बेलगहना के नायब तहसीलदार समर्थ थवाईत को नायब तहसीलदार बेलतरा, नायब तहसीलदार गनियारी श्रद्धा सिंह को नायब तहसीलदार पचपेड़ी, नायब तहसीलदार बेलतरा राहुल साहू को नायब तहसीलदार बेलगहना, बेलतरा नायब तहसीलदार टोपलाल सिदार को नायब तहसीलदार उप तहसील सकर्रा, बोदरी नायब तहसीलदार ओम प्रकाश चन्द्रवंशी को गनियारी, नायब तहसीलदार पचपेड़ी विनीता शर्मा को बिलासपुर और नायब तहसीलदार सकर्रा सहोरिक को बेलतरा एवं स्थानांतरण पर उपस्थित अंकित सिंह राजपूत को जनगणना कार्य में संलग्न किया गया है।





# होटल की छत पर मिला हुक्का बार का सामान, मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर छत की छत से भारी मात्रा में हुक्का बार का सामान व तम्बाकू बरामद किया है। होटल की छत पर हुक्का बार संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने सामान जब्त कर मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली चकरभाठा बोदरी स्थित होटल शिवा इन में हुक्काबार चल रहा है, जहां युवक युवती घण्टो बैठे रहते हैं। उसमें अधिकांश नाबालिग होते हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री परिहार ने बल के साथ होटल में दबिश दी, जिससे होटल में हड़कंप मच गया। होटल में काम करने वाले वेटर इधर उधर भागने लगे। भारी मशक्कत के बाद पुलिस होटल की छत पर गई तो वहां पृथक से हुक्का बार बना हुआ मिला। वहां हुक्का व तम्बाकू रखे हुए थे। समय अधिक हो जाने के कारण हुक्का बार में धुंए का छल्ला उड़ाते कोई नहीं मिला। पुलिस ने होटल के हुक्का बार से 12 नग हुक्का पाट, कोयला कोको जेल 6 पैकेट, 12 नग स्टेंड, 12 नग चिलम, 12 नग पाइप, 12 नग कोल, 1 नग हिटर, 3 प्लास्टिक के डिब्बे में अलग सिरगेट, तम्बाकू युक्त फ्लेवर एवं 5 हजार रुपए नकद जुमला 55 हजार का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने होटल के मैनेजर सिद्धार्थ गुप्ता पिता ओम प्रकाश गुप्ता 39 साल से पूछताछ की तो गुमराह करने लगा। पुलिस ने अधिनियम 2003 की धारा 21, 1, 21, 2, 27, 4 के तहत मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपी और जब्त हुक्का का सामान व तम्बाकू।

### छत में जाने के लिए अलग से सीढ़ी

चार मंजिला होटल में तीसरी मंजिल तक जाने के लिए लिफ्ट लगा है। पुलिस लिफ्ट से अंतिम चौथे फ्लोर में गई। तलाशी लेने पर कुछ भी हाथ नहीं लगा था। काफी मशक्कत के बाद छत में जाने के लिए पृथक से बनी सीढ़ी नजर आई। पुलिस सीढी से छत पर गई तो अलग से हुक्का बार बना हुआ मिला।

### 9 साल पहले पकड़ी गई थी अवैध शराब

9 साल पहले सीएसपी नसर सिद्धकी ने होटल शिवाइन में दबिश देकर किचन व गोदाम में दबिश देकर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की थी। उस दौरान खुलासा हुआ था शराब दुकान बंद होने के बाद होटल में बेखौफ अधिक रकम में ब्रांडेड शराब बेची जाती थी। उस दौरान भी पुलिस ने होटल के मैनेजर को गिरफ्तार किया था।

### बेखौफ चल रहे हुक्काबार

पूर्व में दो बार गौरवपथ रिंग रोड टू वसुंधरानगर के एक ही मकान में पुलिस ने दो बार दबिश देकर हुक्का का दम लगाते युवकों को पकड़ा गया था। दोनों बार उक्त मकान से भारी मात्रा में हुक्का के पार्ट व अलग अलग प्रकार के तम्बाकू बरामद किया गया था। प्रतिबंध के बावजूद शहर में लुका छिपी कई जगहों पर हुक्काबार संचालित हो रहे हैं। उक्त हुक्का बार में बड़ी संख्या में नाबालिग युवक युवतियां जाकर धुएं के छल्ले उड़ते रहते हैं।

## 5 ग्राम ब्राउन शुगर बेचते युवक को पकड़ा

**बिलासपुर।** एसीसीयू टीम ने ग्राहक भेजकर 5 ग्राम ब्राउन शुगर सहित एक युवक को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

एसीसीयू टीम को सूचना मिली तखतपुर निवास दुर्गेश गायकवाड़ पुड़िया में ब्राउन शुगर बेच रहा है। टीम ने मुखबिर को दुर्गेश से बातचीत कराकर ब्राउन शुगर खरीदने के लिए भेजा। ब्राउन शुगर मिलते ही मुखबिर ने टीम को इशारा कर दिया। उसके बाद घेराबंदी करते हुए दुर्गेश गायकवाड़ को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके पास से 5 ग्राम ब्राउन शुगर मिला। ब्राउन शुगर सहित युवक को तखतपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बताया जाता है तखतपुर का एक अन्य व्यक्ति दूसरे प्रदेश से बाउन शुगर लाकर उसे बेचने के लिए देता था। पुलिस उक्त व्यक्ति की तलाश कर रही है।

## ओपन जंप एथलेटिक्स चैम्पियन 14 को

**बिलासपुर।** पांचवीं ओपन जंप एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन बेंगलुरु में 14 और 15 मार्च को किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों में रायपुर के बलराम सिंह जगत 18 वर्ष, कांकेर के दिगेश्वर कुमार 20 वर्ष का चयन किया गया है। इन दोनों खिलाड़ी लंबी कूद स्पर्धा से चयनित किए गए हैं। टीम के प्रशिक्षक एवं प्रबंधक तरूण मंडल होंगे। अध्यक्ष सुरेश कुमार और प्रशिक्षक अशोक कुमार पटेल ने बताया कि खिलाड़ी भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के पैमाने के अनुसार चयनित हुए हैं।

## खबर संक्षेप




### चरण पादुका दर्शन यात्रा 19 को सांई भक्तों की तैयारी बैठक आज

**बिलासपुर।** शिरडी वाले साईं बाबा की मूल पादुका शिरडी से बिलासपुर आ रही है। जिसकी तैयारी के लिए एक आवश्यक बैठक 10 मार्च मंगलवार को होगी। पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि डा शिलदुलारे मिश्र परिसर मेन रोड कृषि विस्तार शाखा स्टेट बैंक के पास व्यापार विहार में मंगलवार 10 मार्च को संध्या 5 बजे बैठक होगी। उन्होंने बैठक में शहर एवं आसपास के साईं भक्तों शामिल होने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि श्री साईं बाबा की मूल पादुका दर्शनमूल पादुका दर्शन का आयोजन 19 मार्च को अलका एवेन्यू परिसर उसलापुर में किया जा रहा है। इस चरण पादुका की शोभायात्रा सुबह 9 बजे से निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे आरती होगी। पादुकाओं का दर्शन 12:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि भागीरथ के प्रयास से गंगाधरती पर उतरी थी। बिलासपुर में जिन पादुकाओं से त्रिवेणी की उत्पत्ति हुई थी वह स्वयं चलकर भक्तों के दर्शनार्थ के लिए बिलासपुर में पहुंच रही है।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण जिला शाखा की मासिक बैठक 10 मार्च मंगलवार को शाम 4.30 बजे से बृहस्पति बाजार गार्डन में होगी। संघ के अध्यक्ष एसके गोयल ने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### जन औषधि केंद्र सिम्स के प्रोत्साहन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

**बिलासपुर।** भारतीय रेड क्रास सोसायटी का जन औषधि केंद्र सिम्स में प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रबंधक आशीष गोविंद मिश्रा और अंजु राजपूत को सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 52 लाख 13 हजार रुपए की दवाईं विक्रय की गई है। जिसका ब्रांडेड मूल्य लगभग 1.5 करोड़ रुपए से अधिक का अनुमानित है। इस वर्ष लगभग 30 हजार से अधिक लोगों ने जन औषधि केंद्र की दवाईयों का उपयोग किया। रायपुर के अनिष उत्तलवाड़ ने बताया कि सिम्स बेहतर काम कर रही है। दो बार इसे राज्य में सर्वश्रेष्ठ जन औषधि के रूप में पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि सिम्स जन औषधि केंद्र में जो दवाईंया नहीं मिल रहीं हैं उसे उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को सुरेन्द्र गुम्बर, शुभा करेवाल, डा. लखन सिंह, डा. बीएल गोयल, अरुण चौहान, डा. राजीव अवस्थी, श्रीकांत सहारे , डा. सौरभ शर्मा, संजय मिश्रा, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, मोहन वैष्णव, धरम साहू, गीतेश्वरी साहू, ममता एवं नेहा, अन्नू पटेल आदि मौजूद थीं।

### कांग्रेस नेता के घर सामने हंगामा कर जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता के घर के सामने गाली गलौज कर हंगामा मचाते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले आदतन बदमाश के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा निवासी कांग्रेस नेता महेश नारायण मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। 8 मार्च को रात 12.15 बजे निगरानीशुदा गुण्डा बदमाश शैलेन्द्र मिश्रा उर्फ रत्तू, सुरेश नागवानी उर्फ सुरेश सट्टा उनके घर के सामने गाली गलौज कर हंगामा मचा रहे थे और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। 9 मार्च को उन्होंने प्रमाण सहित एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सरकण्डा थाने में उनकी रिपोर्ट पर शैलेन्द्र उर्फ रत्तू मिश्रा, सुरेश नागवानी उर्फ सुरेश सट्टा के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कलेक्टोरेट के सामने लग रही अवैध पार्किंग, यातायात हो रही प्रभावित

**बिलासपुर।** कलेक्टोरेट के सामने भारी वाहनों की अवैध पार्किंग लगातार जारी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई के बाद भी चार पहिया वाहन चालक बाज नहीं आ रहे हैं। यहां कलेक्टोरेट एवं जिला न्यायालय होने के कारण प्रतिदिन लोगों की काफी भीड़ लगी रहती है। कहीं पर भी वाहन अवैध पार्किंग कर लोग अपना काम निपटाने चले जाते हैं। यह नजारा एकदिन नहीं बल्कि रोज यही हाल है। व्यस्त मार्ग होने के कारण लोगों का आना-जाना काफी रहता है। लोग परेशान होते हैं।

**एयू के 76 सेंटरों में हो रही परीक्षा** | **दो पालियों में आयोजित की जा रही यूजी-पीजी की परीक्षा**

# कालेजों में परीक्षा शुरू, 40 हजार स्टूडेंट हो रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पुरानी पद्धति से आयोजित यूजी सेकंड व थर्ड ईयर एवं पीजी कक्षाओं की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। वार्षिक परीक्षा दौरान 76 सेंटरों में लगभग 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं और परीक्षा दो पालियों में संचालित हो रही है।

वार्षिक पद्धति से यूजी-पीजी की परीक्षा के तहत आज पहला पेपर संपन्न हुआ। इस परीक्षा में बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, सेकंड ईयर एवं थर्ड ईयर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं तथा एम, एमएससी, एमकाम



प्रिवीयस और फाइनल ईयर के सहित बीलिब कक्षाओं के पेपर हो रहे हैं। इस परीक्षा में लगभग 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें सर्वाधिक 12 हजार 609 बीए फाइनल ईयर, 7 हजार 141 बीएससी, 3 हजार 583 बीकाम के परीक्षार्थी शामिल हैं। अटल यूनिवर्सिटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्षिक परीक्षा के पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संचालित हुई। सेकंड और थर्ड ईयर वालों के लिए पुरानी पद्धति से अभी वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 7 से 10 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक हो रही है। परीक्षा के लिए 76 कालेजों में सेंटर बनाए गए हैं और जहां पर परीक्षार्थियों की संख्या कम थी वहां पर परीक्षा सेंटर नहीं बनाया गया है। वहां के परीक्षार्थियों को आसपास के सेंटरों में शिफ्ट किया गया है।

### छात्रों ने किया था आंदोलन

यूजी-पीजी की वार्षिक परीक्षा के टाइम टेबल में बदलाव की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार दो दिनों तक यूनिवर्सिटी का घेराव आंदोलन किया गया था। छात्रों का कहना था कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय परीक्षाओं की तिथियों को लेकर किसी प्रकार के समायोजन या परिवर्तन के लिए यूनिवर्सिटी तैयार नहीं हो रहा है, इसलिए उनमें नाराजगी है। क्योंकि कई छात्र-छात्राओं की प्रतियोगी परीक्षाएं यूनिवर्सिटी आयोजित परीक्षा तिथियों से प्रभावित हो रही थी।

### छात्रहित में किया गया टाइम टेबल संशोधित

छात्रों ने यूनिवर्सिटी पर छात्रहितों की अनदेखी करने का आरोप लग रहा था। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की गई टाईम टेबल में दो परीक्षाओं के मध्य मात्र एक या दो दिन का ही अंतराल रखा गया था, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता। इसी तरह यूनिवर्सिटी आयोजित परीक्षा एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की एक ही तिथियों के कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई थी कि वे या तो अपने कालेज की परीक्षाएं दिलाए या फिर सीयूईटी समेत राष्ट्रीय स्तर की अन्य परीक्षाओं में शामिल हों। इस कारण से यूनिवर्सिटी ने छात्रहित को ध्यान में रखकर वार्षिक परीक्षा टाईम टेबल संशोधित कर दिया है और कई पेपरों के बीच गेप भी बढ़ा दिया है।

**विधायक सुशांत शुक्ला ने मुख्यमंत्री से दिलाई क्षेत्र को सौगात**

# बेलतरा क्षेत्र में 75 वर्षों से लंबित नेवसा उद्वहन सिंचाई योजना को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 75 वर्षों से लंबित नेवसा उद्वहन सिंचाई योजना को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 48 करोड़ 92 लाख 61 हजार रुपये की लागत वाली इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन से 15 से अधिक गांवों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। योजना पूर्ण होने से लगभग 1400 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी।

क्षेत्रीय विधायक श्री सुशांत शुक्ला इस लंबित परियोजना की स्वीकृति का लगातार प्रयास कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किया और संबंधित विभागों के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्र को यह सौगात दी है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांव खूंटाघाट के समीप होने के बावजूद लगभग 75 वर्षों से सिंचाई सुविधाओं से वंचित थे। किसानों को कृषि कार्यों में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब नेवसा उद्वहन सिंचाई योजना के अंतर्गत लिफ्ट इरिगेशन प्रणाली के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था विकसित की जाएगी। इस पद्धति में जल स्त्रोत से पानी को पंप या मोटर की सहायता से ऊपर उठाकर पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पहुँचाया जाता है, जिससे ऊँचाई पर स्थित खेतों तक भी पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस योजना के तहत खारंग जलाशय से सोलर पंप एवं पाइपलाइन के माध्यम से लगभग 1400 हेक्टेयर खरीफ और 400 हेक्टेयर रबी, कुल लगभग 1800 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



**48 करोड़ 92 लाख 61 हजार रुपए की है योजना**

### ये गांव होंगे लाभान्वित

इस योजना से नेवसा, गिधौरी, कर्रा, जाली, टेकर, गढ़वट, अकलतरी, बाम्हु, बेलतरा, कड़री, सलखा, लिम्हा सहित लगभग 15 से अधिक ग्रामों के किसान सीधे लाभान्वित होंगे। सिंचाई की बेहतर व्यवस्था से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### विधायक ने जताया आभार

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विधायक सुशांत शुक्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है और किसानों तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन से बेलतरा क्षेत्र में कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

## प्रेस क्लब चुनाव को लेकर दाखिल अपील खारिज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर की गई अपील खारिज कर दी गई है। इस आदेश के साथ ही बिलासपुर प्रेस क्लब के 28 दिसंबर 2025 को संपन्न चुनाव और अजीत मिश्रा की नई कार्यकारिणी के गठन पर शासन की मुहर लग गई है।

उल्लेखनीय है कि संस्था के तत्कालीन सचिव दिलीप यादव द्वारा 7 सितंबर 2025 को चुनाव कराने के लिए 9 सितंबर को आनन-फानन में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया। इसी दौरान सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं बिलासपुर ने संस्था के पदाधिकारियों को अधिनियम की धारा 27 व 28 के उल्लंघन के संबंध में नोटिस जारी किया था। 19 सितंबर 2025 को 563 सदस्यों की मतदाता सूची के आधार पर चुनाव संपन्न कराया गया, लेकिन मतदाता सूची पंजीयक कार्यालय से प्रमाणित नहीं होने के कारण सहायक पंजीयक की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए 18 नवंबर 2025 को नए सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया।रजिस्ट्रार के आदेश के पालन में जिला कलेक्टर ने सहायक पंजीयक बिलासपुर को निर्वाचन अधिकारी नामित किया। इसके बाद वर्ष 2023 की मतदाता सूची के आधार पर 447 वैध सदस्यों के बीच 28 दिसंबर 2025 को पुनः चुनाव कराया गया, जिसमें अपीलकर्ता दिलीप यादव सहित अन्य प्रत्याशियों ने भाग लिया।इस बीच दिलीप यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रजिस्ट्रार के आदेश को निरस्त करने और उस पर रोक लगाने की मांग की थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शासन के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई। शासन ने सुनवाई के बाद उक्त अपील को अस्वीकार कर दिया है और सहायक पंजीयक बिलासपुर को निर्देश दिया है कि अधिनियम की धारा 27 व 28 के अंतर्गत संस्था से नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### डंगाल गिरने से घंटों बिजली बंद



**बिलासपुर।** तारबहार क्षेत्र में पेड़ की डंगाल टूटने के कारण घंटों बिजली सप्लाई बाधित रही। बताया जा रहा है बिजली तारों में उलझे डंगाल को निकालने में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार की सुबह 10 बजे के आसपास तारबाहर क्षेत्र के टीपू तालाब के पास बिजली लाइनों पर डंगाल गिर गया। जिसके चलते घरों की बिजली सप्लाई बंद हो गई।आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद करीब 2 घंटें की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई शुरू की गई। इसके साथ ही व्यापार विहार, घोड़ादाना स्कूल, हर्ष विहार की बिजली भी दिन में कई बार बंद होती रही।

## 13 पंच व एक सरपंच पद फिर हो गए रिक्त

**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुए एक साल पूरे हो गए हैं और पंचायत चुनाव के सालभर भीतर जिले में फिर से पंच-सरपंच के पद रिक्त हो गए हैं। एक पंचायत में सरपंच के पद समेत 13 पंचों के पद खाली हो गए हैं, जिसकी जानकारी स्थानीय निर्वाचन कार्यालय की ओर से राज्य निर्वाचन कार्यालय को भेज दी गई है।

■ **राज्य निर्वाचन को भेजी गई जानकारी**

जिला स्थानीय निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी जनपद पंचायतों से पंचायत प्रतिनिधियों के रिक्त पदों की जानकारी मंगाई गई थी। यह जानकारी जिले के सभी जनपद पंचायतों से आ गई है। जिले में बिल्हा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर में सरपंच का पद रिक्त रह गया है। इसकी वजह यह बताया जा रहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन दौरान सरपंच का पद अजा महिला के लिए आरक्षित था, किन्तु सरपंच पद के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नाम निर्देशन पत्र जमा ही नहीं किया था। इसलिए सरपंच का पद खाली रह गया। इसके अलावा पंच के 13 पद खाली पड़े हैं। इसमें कोटा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीसागर में पंच के दो पद रिक्त, कलारतराई में पंच के पद, करगीखुर्द में पंच के दो पद रिक्त है। इसी तरह मस्तूरी जनपद अंतर्गत ग्राम मड़ई में पंच को आजीवन कारावास की सजा होने के कारण पंच का पद खाली हो गया है। ग्राम गिधपुरी में पंच के आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण पंच का पद खाली हो गया है। इसी तरह बिल्हा के परसाही में तथा बैमा में पंच के त्याग पत्र देने के कारण एवं मस्तूरी के मड़ई में पंच के मृत्यु होने के कारण पंच का पद खाली हो गया है। पंचायत प्रतिनिधियों के इन रिक्त पदों की जानकारी राज्य निर्वाचन कार्यालय को भेज दी गई है। हांलाकि फिलहाल पंचायत उप चुनाव के संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है।

### 300 प्लास्टिक डिब्बों में भरा 6 हजार किलो महुआ लहान नष्ट



**बिलासपुर।** आबकारी व पुलिस ने घुटकू रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में छिपाकर 300 प्लास्टिक डिब्बों में रखा गया 6 हजार किलो महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया है।

### म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, पुलिस पोर्टल समन्वय के माध्यम से पता चला कि बैंक आफ महाराष्ट्र के संदिग्ध खाताधारक यदुनंदनगर तिफरा निवासी सैय्यद हसनैन अली पिता सैय्यद नियामत अली के नाम पर है। उक्त बैंक स्टेटमेंट का अवलोकन किया गया। पता चला कि उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई, एटीएम विड्राल माध्यम से स्थानांतरित, आहरित किया है। पुलिस ने म्यूल बैंक खाता धारक सैय्य हसनैन अली के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

पुण्य स्मरण



स्व. सेठ श्री शंकर लाल अग्रवाल जी
38 वीं पुण्यतिथि पर ( निर्वाण - 10.03.1988 )
सादर नमन् व श्रद्धांजलि

विनीत :- श्रीमती मुकुन्दी बाई अग्रवाल (पत्नी), श्री गजानंद अग्रवाल (पुत्र)
श्री मनोज - संगीता अग्रवाल, श्री मनीष - निशा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
श्री अंकित - सिम्पल अग्रवाल, श्री पुलकित - रजनी अग्रवाल (पौत्र-पौत्रवधु)
श्री रौनक - श्रेया अग्रवाल (पौत्र-पौत्रवधु)
शिवम अग्रवाल (पौत्र), शिवांश, अक्ष, आयुष्मान (प्रपौत्र)

फर्म - हॉटल शिवम देवकीनंदन चौक
अग्रवाल लॉज गोल बाजार, श्री शंकर इंटरप्राइजेस तेलीपारा
सुधा सेल्स नूतन चौक सरकण्डा, सुधा फायर सेफ्टी देवकीनंदन चौक
मनोज कुमार अग्रवाल सॉ मिल शनिचरी पड़ाव, बिलासपुर

**राजा रघुराज सिंह स्टेडियम दो साल से बंद और दूसरी खेलने के लिए जगह नहीं**

# सेकेरसा ग्राउंड में एक दिन का खिलाड़ियों से लिया जाता है 12 हजार

**बिलासपुर।** रेलवे का सेकेरसा ग्राउंड का उपयोग करना है तो उसके लिए बाहरी खिलाड़ियों को एक दिन का 12 हजार रुपए देना पड़ेगा। इसके लिए रेल प्रशासन ने राशि तय कर रखा हुआ है। इस राशि से खिलाड़ियों की मुश्किल काफी बढ़ गई है। एक ओर राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का ताला खिलाड़ियों के लिए दो साल से बंद है और दूसरी कोई जगह खेलने के लिए नहीं है। इसके कारण खिलाड़ी भी इधर-उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं।

बिलासपुर शहर को न्यायधानी के साथ खेलधानी का नाम दिया गया है, लेकिन खेलधानी के हिसाब से शहर में खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव है। करीब 120 करोड़ रुपए की लागत से बहतराई में राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य तो करा दिया गया है, जहां हॉकी, कबड्डी, एथलेटिक्स के अलावा अन्य खेलों की सुविधा है। राज्य के सभी जिलों के खिलाड़ियों को यहां हॉकी के साथ एथलेटिक्स और कबड्डी एवं आर्चरी की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। रघुराज सिंह स्टेडियम के साथ क्रिकेट के लिए ग्राउंड सेकेरस ग्राउंड को केवल क्रिकेट के लिए बनाया गया है। सेकेरसा ग्राउंड का उपयोग करने के लिए बाहरी खिलाड़ियों से पहले 4 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से लिया जाता था।

### मायूस हैं खिलाड़ी



क्रिकेट खिलाड़ी दीपक अग्रवाल का कहना है कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को पिछले दो साल से निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो अब तक अधूरा है। क्रिकेट खिलाड़ियों को दूसरा ग्राउंड ही नहीं मिल रहा है। सेकेरसा ग्राउंड भी क्रिकेट के लिए है, लेकिन उसकी राशि इतनी अधिक है कि प्रतिदिन के हिसाब से 12 हजार रुपए देना खिलाड़ियों के बस की बात नहीं है।

### किराया काफी अधिक



यज्ञवल्य साहू का कहना है कि शहर में कहीं भी खेलने के लिए ग्राउंड नहीं बचा है। एक ओर राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का काम चल रहा है और वहां अभी भी ताला लगा हुआ है। खिलाड़ी ग्राउंड खोजते हुए इधर-उधर भटकते हैं। क्रिकेट के लिए शहर के साथ रेलवे क्षेत्र में सेकेरसा का ग्राउंड है, जहां का किराया 12 हजार रुपए काफी अधिक है।

### निजी पर प्रैक्टिस नहीं



बिशमय रंजन का कहना है कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को छोड़कर शहर में क्रिकेट के प्रेक्टिस के लिए सभी निजी लोगों ने अपना-अपना टर्फ मैदान बना लिया है। उसका उपयोग करना संभव नहीं है। निजी संस्थान के ग्राउंड को उपयोग करने के लिए पहले मेम्बर बनना पड़ेगा, जिसके बाद ही वहां अनुमति मिलेगी। यहां बाहरी खिलाड़ी पहुंचते हैं।

### तय है क्राइटेरिया

रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट और सेकेरसा अलग-अलग हैं, जिसके इंचार्ज भी अलग हैं। इन दोनों ग्राउंड का उपयोग करने के लिए रेलवे की ओर से क्राइटेरिया तय कर रखी गई है।
-सुस्कर विपुल
विलास राव
सीपीआरओ,
एसईसीआर

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# शीतला अष्टमी पर तीन दिवसीय पूजन कल से



**बिलासपुर।** सार्वजनिक श्री शीतला पूजा समिति शंकरनगर द्वारा विगत 76 वर्षो से पूजा की जा रही है,इस बार शीतलाअष्टमी पर 11 मार्च से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शीतला अष्टमी पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। 11 मार्च को शाम 6 बजे माता की प्रतिमा पंडाल में स्थापित कर दी जाएगी। भक्त सुबह से शाम तक मां शीतला को ठंडे पकवान का भोग लगाएंगे। वहीं 12 से 14 मार्च तक 16 पहर हरि राम संकीर्तन होगा। इसमें पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा से कलाकार पहुंचेंगे, इसके पश्चात मां को विदाई दी जाएगी। समिति के सदस्य दिलीप जाना ने बताया कि शहर में सबसे पहले शंकर नगर में मां शीतला की पूजा शुरू हुई थी। इस वर्ष पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से घर-परिवार में चेचक रोग, दाह, पित्त ज्वर, आंखों की सभी बीमारियां आदि शीतला जनित समस्याएं सस्याएं दूर दूर हो जाती हैं। भक्त रोगों से मुक्ति पाने और भविष्य में ऐसे रोगों से अपने परिवार के लोगों को बचाने पूजा-पाठ करते हैं। उन्होंने बताया कि मां शीतला की पूजा का धार्मिक महत्व तो है ही, इसके साथ ही वैज्ञानिक नजरिए से भी ये पर्व महत्वपूर्ण है। दो ऋतुओं के संधिकाल में खान-पान का खासतौर से ध्यान रखना चाहिए।

# गीली हल्दी से बनेगी सोलापुरी माता की प्रतिमा



**बिलासपुर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित बारह खोली बंगला वार्ड में श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति द्वारा इस वर्ष भी पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में दुर्गा मंदिर चौक पर आयोजित समिति की बैठक में वर्ष 2025 के लेखा-जोखा पर चर्चा के साथ ही आगामी पूजा की रूपरेखा तय कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

समिति के सचिव और पूर्व पार्षद एस. साई भास्कर ने बताया कि इस वर्ष सोलापुरी माता पूजा महोत्सव अपने 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्सव की शुरुआत 23 अप्रैल को 'राटा पूजा' के साथ होगी और 3 मई तक निरंतर चलेगी। इस आयोजन की मुख्य विशेषता मां सोलापुरी की प्रतिमा का निर्माण है। 24 अप्रैल से 3 मई तक गीली हल्दी से माता के विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां बनाकर उनकी विशेष आराधना की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने समिति के सदस्य पुरजोर तैयारियों में जुटे हैं।

बैठक में सचिव एस. साई भास्कर, कोषाध्यक्ष बी. शंकर राव, ई. अप्पा राव, टी. गिरधर राव, एल. श्रीनिवास, डी. भास्कर राव, एस. राजेन्द्र प्रसाद, आर. रवि शंकर, डॉ एमएस. राजू सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# सेमिनार में 6जी, एआई व मशीन लर्निंग पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी में इंटेलीजेंट 6 जी कम्युनिकेशन विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जो कि छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित है, इस सेमिनार में 6जी कम्युनिकेशन के विभिन्न पहलुओं के साथ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग तथा मेटा मटेरियल आधारित वायरलेस तकनीक के बारे में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जा रहे है।

जिसमें राज्य के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से कुल 30 प्राध्यापकों एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में विशेषज्ञों के साथ साथ संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई, समस्त विभागाध्यक्ष तथा प्रतिभागी गण शामिल थे। तत्पश्चात कार्यक्रम की संयोजक प्रो अर्पिता रानी वैष्णव द्वारा सेमिनार में पधारे विशेषज्ञों का परिचय दिया गया तथा प्राचार्य डॉ सिंघई द्वारा सेमिनार सत्रों के प्रारम्भ हेतु औपचारिक रूप से घोषणा की गई। प्रथम सत्र में विशेषज्ञ के रूप में प्रो राजर्षि महापात्रा, प्राध्यापक, आईआईआईटी रायपुर उपस्थित रहे। उन्होंने 5 जी कम्युनिकेशन में प्रयुक्त हो रही तकनीकों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए इसके कमियों के बारे में भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने 6जी तथा 7जी कम्युनिकेशन तकनीकों के कार्यप्रणाली एवं क्षमताओं के बारे में भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में व्याख्यान के लिए डॉ बी आचार्य, सहप्राध्यापक एनआईटी. रायपुर उपस्थित रहे। उन्होंने 6 जी कम्युनिकेशन तकनीक के संभावित सुरक्षा एवं निजता चुनौतियों के बारे में चर्चा की तथा इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में सभी को अवगत कराया।

**शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार**



### सुरक्षा तकनीकों पर चर्चा

तृतीय सत्र में पुनः प्रो महापात्रा द्वारा विभिन्न कम्युनिकेशन सिस्टम में मशीन लर्निंग की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। अंतिम सत्र में डॉ आचार्य द्वारा 6जी कम्युनिकेशन में क्वांटम रेसिलिएंट सुरक्षा के तकनीकों के बारे में चर्चा करते हुए इसकी व्यापकता के बारे में भी अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों द्वारा एक पैनल डिस्कशन भी किया गया जिसमे एआई चलित 6जी कम्युनिकेशन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। प्रत्येक व्याख्यान के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा विशेषज्ञों द्वारा उक्त प्रश्नो का समुचित उत्तर दिया गया।

## वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य संगीत की होगी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित 36 वां बिलासा महोत्सव 14 मार्च से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित होगा। इसमें करमा, ददरिया सहित अन्य नृत्य एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि लोक कला को मंच मिले उनका संरक्षण हो इस उदेश्य से बिलासा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष तीन दिन का किया जाता रहा है, पर इस साल दो दिन किया जा रहा है। 14 मार्च को रात 7 बजे महोत्सव शुरू होगा जिसमें रायपुर के लोक कलाकर गौतम चौबे एवं साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ददरिया, नाचा, राजनांदगांव की लोक कलाकार हिमानी वासनिक एवं साथी कलाकारों द्वारा भर्तृहरि गायन, बिलासपुर के लोक कलाकार रामावतार चंद्राकर और साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में होगा अनुष्ठान, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होने वाली है। शहर के देवी मंदिरों में 9 दिनों तक नवदुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी। नौ दिनों तक देवी को अलग-अलग तरह के पकवानों का भोग लगाए जाएंगे। रतनपुर स्थित महामाया मंदिर समेत काली मंदिर में भक्तों की मनोकामना ज्योति भी प्रज्ज्वलित होगी। इसे लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च की सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी। फिर 20 मार्च सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर इसकी समाप्ति हो जाएगी. इसलिए चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च होगा। इसके बाद 27 मार्च को रामनवमी के साथ चैत्र नवरात्रि की समाप्ति हो जाएगी। बता दें कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि तिथि से आरंभ होने वाली चैत्र नवरात्रि काफी खास मानी जाती है। इसके साथ ही इस दिन से हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नया साल भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है।



### यह घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर घटस्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त होने वाले हैं, जिसके तहत पहला शुभ मुहूर्त 19 मार्च की सुबह 6.52 बजे से लेकर सुबह 7.43 बजे तक। वहीं आप दोपहर को अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना कर सकते हैं। यह अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.05 बजे से लेकर दोपहर 12.53 बजे तक के लिए होगा।

## गरिमा को पहचान कर कर्त्तव्य निभाएं महिलाएं



**बिलासपुर।** एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित महिला कल्याण समाज द्वारा कई संगठनों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अतिथियों ने कहा कि महिलाएं अपनी गरिमा को पहचानेंगे, परिवार व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निभाएंगे तभी स्वर्णिम युग का सूत्रपात होगा। एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित महिला कल्याण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेख जाकिर हुसैन उप महाप्रबंधक एसईसीएल ने महिलाओं को आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं को ब्रेस्ट व यूट्रस कैंसर जागरूकता के विषय में जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवन के लिए सही खान-पान, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के उपाय बताए। समाज सेविका लता गुप्ता, विनीता राव एवं सुनीता मणिपुरी ने भी अपने विचार रखे। कृति गंगाजली ने नारी शक्ति पर स्व-रचित कविता पेश किया। इसमें प्रीति, रवि, रजनी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसचिव रेहाना खान, कविता घोष, कृति गंगाजली, सुप्रभा आचार्य, पुष्पा पटेल, सरिता चौहान, सरोज वस्त्रकार, ज्योति उपाध्याय, बबिता मिश्रा, संतोषी मेहता, हेमलता कश्यप, आभा पांडेय, सरला शर्मा, सीमा दिघ्रस्कर, रजनी श्रीवास, रेखा गुल्ला, शेफाली घोष, शालू दुबे, माया कापले, शशि सोनी, माधुरी कौशिक, हिमेश्वरी राठौर, भारती सिंहा, सुषमा महतो, फरीदा हुसैन, दिव्या भौमिक, कीर्ति साहू, किरण बाला पांडेय, दुर्गेश साहू, किरण ठाकुर, भानुमति नेताम, माया राव, लक्ष्मी, नीरा देवी, सुदर्शन सोंटके, सविता शर्मा, प्रभा शुक्ला का योगदान रहा।

## एवीएम में किया गया महिलाओं का सम्मान



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में महिलाओं के सम्मान में एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नीतू श्रीवास्तव एवं रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देना तथा विद्यार्थियों में महिलाओं के प्रति आदर और समानता की भावना विकसित करना था। अतिथियों का स्वागत लधुपौध भेंट करके किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। कार्यक्रम में रुचि देवांगन द्वारा गणपति वंदना की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान दिया जाए तो वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या जी आर मधुलिका ने विद्यालय की गतिविधियों के साथ-साथ एवीएम एवं एनएसएस के कार्यों की जानकारी दी।

## समाज की प्रगति के लिए जरूरी सामाजिक सदभाव



कान्य कुब्ज ब्राम्हण ने कान्य कुब्ज भवन इमलीपारा में उमंग के साथ होली मिलन समारोह आयोजित कर फाग गाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्जवलन उपरांत स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया एवं समाज के कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला अतिरिक्त महाअधिवक्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सामाजिक सद्भाव आवश्यक है एवं होली त्यौहार आपसी प्रेम व सदभाव का ही पर्व है। विशिष्ट अतिथि गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुल सचिव अश्विनी कुमार दीक्षित ने कहा कि समाज की महिलाओं की सहभागिता से ही समाज आगे बढ़ता है। मंचासीन संरक्षक रामप्रसाद शुक्ला, देवी प्रसाद शुक्ला, किरण बाजपेयी एव ममता दुबे तिवारी का समाज के लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक त्रिवेदी एव आभार प्रदर्शन सचिव राजेश शुक्ला ने किया। अंत में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा, अन्य वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। वहीं समाज की बेटी कार्तिकी अवंतिका जो कि ब्रजेश अनामिका तिवारी की बेटी है एवं उनका सिविल जज में चयन हुआ है। कान्यकुब्ज समाज की बैसवारी फाग में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले 40 सदस्यों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमाशंकर मिश्रा, विनोद दीक्षित, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, मल्लू तिवारी, शिवा मिश्रा, अमित तिवारी, प्रभात मिश्रा, रामकुमार, योगेश तिवारी, राजीव अवस्थी, जगदीश त्रिवेदी, विमलेश बाजपेयी, विनोद तिवारी, शरद, अरुण शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, दयाशंकर पाण्डेय, मनोज तिवारी, राजा अवस्थी, अल्का तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## डी.पी. कालेज में हुई गोष्ठी



डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के गौरवमयी अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार तारणी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के संघर्ष एवं उनकी उपलब्धियों, वैचारिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। संस्थान की प्रभारी प्राचार्य सुश्री सुषमा तिवारी ने शैक्षणिक और विधिक क्षेत्र में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका की सराहना करते हुए महिला अधिकारों के प्रति सजग रहने प्रेरित किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री अपूर्वा पांडेय एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक पूजा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

## गोष्ठी में गूंजी नारी शक्ति की आवाज



छंद शाला की मासिक काव्य गोष्ठी छंद शाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित की गई। इसमें नारी शक्ति की आवाज की गूंज होती रही। मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ ललिता यादव यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ सुषमा पाठक थीं। अध्यक्षता कामना पाण्डेय ने की। साहित्यकारों ने अपनी रचना के माध्यम से नारी शक्ति, सम्मान और समाज में महिलाओं की भूमिका को उजागर किया। रश्मि अग्रवाल 'किरन' ने रचना-शोर तले क्यों, रोता बचपन मौन खड़ा..पढ़ी। मनीषा भट्ट ने सृष्टि की रचनाकार हो तुम.. पढ़कर नारी के महत्व को बताया। सुमन ने काव्य पाठ तुम पूछोगे मैं कौन हूं..किया। डॉ ललिता यादव ने दोहा-चूल्हे से अब चांद तक नारी भरे उड़ान..पढ़ा। राजेश सोनार ने कविता-है कलियों सी कोमल व फूलों सी न्यारी.. पेश किया।

## डीएलएस में भव्य कार्यक्रम



डीएलएस महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. नमिता द्विवेदी,अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय, संरक्षक चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ क्षमा त्रिपाठी व डॉ सुनीता द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि डॉ नमिता द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला शक्ति समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समान अवसर के संकल्प का दिन है।

## नारी के सम्मान में प्रज्ञा गीत



गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में नारी जागरण जिला महिला प्रभारी आशा सुल्तानिया के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरंभ में दीप प्रज्ज्वलन कर शकुंतला चौहान व टोली ने नारी के सम्मान में प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया। चन्द्रवती वैश्य ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। आशा सुल्तानिया ने कहा कि महिलाएं अपनी गरिमा को पहचानेंगी, परिवार व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निभाएंगे तभी स्वर्णिम युग का सूत्रपात होगा। नंदिनी पाटनवार ने पूज्य गुरुदेव व माताजी की पीड़ा व हमारे उत्तरदायित्व पर संदेश दिया। मुख्य ट्रस्टी हेमराज वैश्य ने दिवस की बधाइयां दी। नारियों का श्रीफल एवं मंत्र दुपट्टा से सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में उर्मिला विश्वकर्मा, अनिता शर्मा, शशि खंडेलवाल, प्रभा श्रीवास, डॉ. प्रियंका नेताम एवं रेलवे प्रक्षेत्र की बहनें शामिल रही।

## हॉस्पिटल में महिला स्टॉफ का सम्मान



अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अस्पताल के प्रबंधन द्वारा महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य के लिए विशेष आयोजन किया गया एवं अस्पताल की महिला स्टाफ नर्स, डॉक्टर, सफाई कर्मचारी को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के सीईओं डॉ गुप्ता एवं लघु उद्योग भारती के रोहन मिश्रा ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अक्सर परिवार की जिम्मेदारियों में व्यस्त रहते हुए अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## पूर्व सैनिक अधिकारी का होली मिलन



पूर्व सैनिक कनिष्ठ अधिकारी के सदस्यों ने होली मिलन का आयोजन किया गया है। सेंदरी के रिसोर्ट में यह कार्यक्रम किया गया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता को मजबूत करता है। अध्यक्ष रविन्दुनाथ गोपाल,सचिव पिपूष मिश्रा, सह सचिव उत्तरा खंडे, कोषाध्यक्ष भरत सिंह, श्रवण साडू मौजूद थे। पूर्व सैनिकों ने इस उत्सव के माध्यम से मिलकर पुराने समय को याद किया। जिसमें कई स्मृतियों को साझा कर फिर से ताजा किया।

## गोलगप्पे खाओ, खुशियां मनाओ



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में पूरी दुनिया में महिलाओं के सम्मान में गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस वर्ष महिला दिवस के अवसर पर,शहर में होने वाले विभिन्न आयोजनों के बीच अद्वैत फार्म के सौजन्य से महिलाओं की खुशियों व सम्मान की सौगात के रूप मे गोलगप्पे खाओ , खुशियां मनाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग की महिलाओं को निशुल्क प्रवेश दिया गया। गुपचुप, पानी पुरी या गोलगप्पे इसे किसी भी नाम से जाने महिलाऐं बड़े शौक़ खाती हैं। जिसे महिलाओं की भीड़ को देखते हुए रात 10 बजे तक चलाया गया,इस अनूठे अवसर का आनंद उठाने सैकड़ों महिलाएं उपस्थित हुईं। सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना की।

## महिला संगठन बनाने की घोषणा



होली व रंग पंचमी पर जिला कतिया समाज बिलासपुर ने छोटी कोनी स्थित जिला कतिया समाज भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें लोखण्डी, बड़ी कोनी, छोटी कोनी, पेन्ड्रीडीह, बिलासपुर, तुरकाडीह प्रभागों से पदाधिकारी व सामाजिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी एवं गुलाल लगाकर एक-दूसरे को रंग पंचमी व होली की शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष श्यामलाल गढ़ेवाल ने समाज को एक नई दिशा देने सभी के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने सभी प्रभागों से समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला स्तर पर महिला मंडल गठन करने हेतु प्रत्येक प्रभाग से कम-से-कम पांच महिलाओं का नाम तय कर जिला को सौंपने का आग्रह किया।

## खबर संक्षेप

### रोहिणी बने सहकारिता प्रकोष्ठ ग्रामीण के जिला संयोजक



**रतनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से रोहिणी बैसवाड़े को सहकारिता प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर ग्रामीण का जिला संयोजक नियुक्त किया है। रोहिणी बैसवाड़े लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा वे नगर पालिका परिषद रतनपुर में एल्डरमैन के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठनात्मक स्तर पर उन्होंने भाजपा रतनपुर मंडल के महामंत्री के रूप में भी कार्य किया है। वर्तमान में वे भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में सक्रिय हैं।

### बिना पूछे मायके जाने पर पत्नी से मारपीट

**तखतपुर।** पति से बिना पूछे मायके जाने पर पति के पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गुनसरी निवासी सीमा जांगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 मार्च की रात्रि 10 बजे उसका पति रति राम जांगड़े घर आया और उसे गाली देते हुए बिना पूछे मायके क्यों गई हो कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नशे के सौदागर को क्राइम ब्रांच की टीम ने 5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर मामले की विवेचना में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक नशे के नाम पर ब्राउन शुगर बेचने के लिए नया बस स्टैण्ड के पास ग्राहक की तलाश में घुम रहे है सूचना मिलते ही पुलिस ने बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर आरोपी दुर्गेश गायकवाड़ पिता अर्जून गायकवाड़ से जब तलाशी ली गई तब उसके पास से 5 ग्राम ब्राउन शुगर मिला पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की पुछताछ कर रही है कि वह इसे किससे हासिल किया है और कब से इस धंधे में जमा हुआ है। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## निधन

### दीपिका मिश्रा



**बिलासपुर।** स्टेट बैंक कालोनी क्रांति नगर गली नंबर आर-8 स्थित निवासी दीपिका मिश्रा का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 10 मार्च को दोपहर 1 : 30 बजे भारतीय नगर मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे एसबीआई के भूतपूर्व शाखा प्रबंधक स्वर्गीय रमाकांत मिश्रा की पत्नी, सुहानी मिश्रा, अविजित मिश्रा, एवं खुशबू मिश्रा शुक्ला की माता थीं।

### दिनेश यादव



**बिलासपुर।** अमेरी वार्ड क्रमांक 4 निवासी दिनेश यादव का 47 साल की उम्र में 8 मार्च को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दरबारी उर्फ जकला यादव के पुत्र व रमेश,राजू ,मनोज यादव के भाई थे।

### एनटीपीसी में निकली भव्य तिरंगा रैली, जवानों ने दिया राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश

# सीआईएसएफ राष्ट्र के प्रति समर्पण अनुशासन कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीआईएसएफ दिवस सप्ताह के अंतर्गत एनटीपीसी में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी सीपत द्वारा आयोजित इस रैली का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी ने किया।

रैली मटेरियल गेट से प्रारंभ होकर नवाडीह चौक होते हुए उज्जवल नगर तक निकाली गई। पूरे मार्ग में सीआईएसएफ के जवानों ने अनुशासन, जोश और उत्साह के साथ तिरंगा लेकर मार्च किया। रैली के दौरान देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी ने कहा कि सीआईएसएफ केवल देश की औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा ही नहीं करती, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल भी प्रस्तुत करती है। तिरंगा रैली के माध्यम से हम आम नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के जवान हर परिस्थिति में देश की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईएसएफ दिवस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जवानों के मनोबल को बढ़ाने और समाज में सुरक्षा एवं जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। रैली में डिप्टी कमांडेंट मोहन लाल, असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार सहित सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी और जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने पूरे मार्ग में अनुशासन और जोश के साथ रैली को सफलतापूर्वक संपन्न किया। तिरंगा रैली को देखने के लिए मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे और उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन के माध्यम से सीआईएसएफ ने एक बार फिर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का संदेश दिया।



रैली निकालते हुए सीआईएसएफ के जवान।

# भरनी में मुरूम का अवैध उत्खनन पटवारी की रिपोर्ट पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

क्षेत्र के भरनी गांव में शासकीय भूमि पर हुए अवैध मुरूम उत्खनन मामले में आखिरकार राजस्व विभाग ने संज्ञान लिया है। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी द्वारा मौके की जांच कर प्रतिवेदन सौंपे जाने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

जानकारी के अनुसार, विगत दिनों भरनी में शासकीय भूमि पर पोकलेन मशीन के माध्यम से अवैध रूप से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था। जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। तहसीलदार के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने भरनी की पटवारी दिव्या अहिरवार को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। पटवारी ने उत्खनन स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की और अपनी जांच रिपोर्ट नायब तहसीलदार को सौंप दी। जांच में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन होना पाया गया है। पटवारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर गांव के ही अजय यादव को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उक्त स्थल पर अवैध मुरूम उत्खनन बंद बताया जा रहा है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

नायब तहसीलदार विभोर यादव ने बताया, भरनी में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिलने पर पटवारी को मौके की जांच के निर्देश दिए गए थे। पटवारी ने स्थल पर जाकर जांच की है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर एक स्थानीय व्यक्ति अजय यादव को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# लहरिया ने जाना मरीजों का हाल

**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी के ग्राम मुकुंदपुर में आयोजित एक विवाह समारोह में भोजन खाने से बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत अचानक खराब (फूड प्वाइजनिंग) होने की सूचना मिलते ही सोमवार को क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी पहुंचे। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

विधायक श्री लहरिया ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मरीजों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मरीजों को समय पर बेहतर और समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों को दवाइयों, जांच और अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान विधायक श्री लहरिया ने मरीजों के परिजनों से भी चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरे मामले पर लगातार निगरानी रखे हुए है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

■ शादी समारोह में फूड पाइजनिंग के शिकार हुए थे ग्रामीण

### युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाती है रासेयो

**सीपत।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सोमवार 9 मार्च को 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में संदीपनी एकेडमी पेंड्री (मस्तूरी) की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संगीता साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने परीक्षा की प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए स्वयंसेवकों के ज्ञान, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। बाह्य परीक्षक श्रीमती साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल प्रमाण पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। परीक्षा के सफल संचालन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू एवं सहायक प्राध्यापक राजेंद्र सिंह क्षत्रिय का विशेष योगदान रहा।



# जब नारी जगती है आध्यात्मिक शक्ति से, तब बदलती है समाज की दिशा: मनु



**सीपत।** महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सशक्त प्रेरणा भी है। जब महिला आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक शक्ति से भर जाती है, तब वह पूरे परिवार और समाज को सकारात्मक दिशा दे सकती है।

यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीके मनु दीदी ने व्यक्त किए। इस अवसर पर सीपत मेन रोड, हंसा पेट्रोल पम्प के पास स्थित सेवाकेन्द्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की अनेक महिलाएं, समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खमरिया कुसुम बघेल ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे समय में राजयोग मेडिटेशन महिलाओं को मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, जिससे वे अपने परिवार और समाज की बेहतर सेवा कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर परिवार और समाज में शांति व सद्भाव का वातावरण बनाने में सहयोग देंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय नागरिक तथा ब्रह्माकुमारी संस्था के भाई-बहन उपस्थित रहे।

### व्यासपीठ से किया गया महिलाओं का सम्मान

**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम हिर्री स्थित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है7 कथा वाचक पंडित परमानन्द महाराज हैं। उन्होंने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत की कथा सुनाई। इस दौरान पंडित परमानंद महाराज ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी है, तो परिवार है, यही सुंदर जीवन का आधार है। जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है वही घर परिवार उन्नति करता है।

उन्होंने महिलाओं का सम्मान किया। वरिष्ठ नागरिक एवं सेवा निवृत्त निर्वाचन पर्यवेक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू ने कहा कि महिलाएं केवल घर ही नहीं समाज भी चलाती है। दुनिया में महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें हो रही है। देश में महिलाओं ने अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर उच्च पदों तक पहुंचकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यवतराम पटेल, गंगामती पटेल, परेशार, सुशीला पटेल, पूर्णिमा ,महेंद्र पटेल, सतीश बैजंती पटेल त्रिभुवन रेवती पटेल परिवार द्वारा किया गया है। आचार्य पौराणिक वैष्णव, पीताम्बर वैष्णव, लम्बोदर वैष्णव, पुरोहित ओम शंकर उपाध्याय सेवा में लगे हुए हैं।



# सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने का पर्व है होली

**सकरी।** देवरी सामुदायिक भवन में वस्त्रकार महरा समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष रामचरन वस्त्रकार ने भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की।

समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर समाज में एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने फाग गीतों और होली के पारंपरिक भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामचरन वस्त्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने और पुराने मतभेदों को भुलाकर गले मिलने का दिन है। कार्यक्रम के दौरान समाज के बुजुर्गों और युवा संगठन को भी सम्मानित किया गया।

पारंपरिक व्यंजनों का लिया आनंद

कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों जैसे गुजिया, ठंडाई और मठरी का आनंद लिया। समारोह के सफल आयोजन में जिला उपाध्यक्ष जोहान वस्त्रकार कोष प्रकाश गुरुजी और अजय वस्त्रकार, अमृतलाल ,राममनी, सुनील, होरिल लाल राधेश्याम, संतोष गोरे, जागेश्वर, शत्रुघ्न, मदनलाल, रूगनलाल ,राजू , मुखीराम, रविशंकर, जेठू, लक्ष्मी, प्रमोद ,शिव प्रसाद, मुकेश ,पवन, अमित, राहुल नानू, युवा संगठन से रंजीत बुनकर, दीप चंद और सूर्यकांत ,विनोद वस्त्रकार लोग का विशेष योगदान रहा।





### लापता



नाम हरवंश कुर्रे पिता तिरिथराम उम्र 47 वर्ष ऊंचाई 5 फीट 5 इंच रंग सांवला चेहरा गोल बाल काला शारीरिक स्थिति सामान्य गुलाबी रंग का शर्ट, काला रंग का पेंट पहना है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जो कि अपने घर ग्राम थेम्हापार थाना मस्तूरी से 20/10/2023 को घर से बिना किसी को कुछ बताएं कहीं चला गया है अगर किसी व्यक्ति द्वारा देखा जाता है तो उसके सम्बन्ध में सूचित करने अथवा उसे घर पहुंचाने वाले व्यक्ति को आने जाने का खर्च एवं उचित इनाम दिया जावेगा।

सम्पर्क करें -विकास कुर्रे
ग्राम-थेम्हापार, थाना-मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 6265194996, 8517850103

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लगरा प. ह. नं. 27 रा. नि.मं. मोपका तहसील बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत ग्राम पंचायत लगरा में स्थित भूमि खसरा नं. 493/2 रकबा 0.145 हेक्टेयर खसरा नं. 493/8 रकबा 0.145 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 493/9 रकबा 0.144 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 0.434 हेक्टेयर भूमि कमलेश यादव पिता स्व. सी.एल. यादव निवासी विवेकानंद नगर पेट्रोल पंप के पिछे मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं व्ही. चन्द्रशेखर पिता व्ही. आर. के. राव. निवासी निहारिका कोसाबाड़ी कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के संयुक्त नाम की भूमि स्थित है, उपरोक्त भूमि को मेरे मुवक्कील द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम रकम भूमि स्वामी को देकर इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन किया जाना प्रस्तावित है। अतः जिस किसी व्यक्ति, बैंक / संस्था को उपरोक्त खसरा रकबा के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत समयावधि पश्चात् की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। सो सूचना जानें।

संपर्क
सुर्जित कुमार घृतलहरे
(अधिवक्ता)
मो. नं. 9617908070, 9644644754

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लगरा प. ह. नं. 27 रा. नि.मं. मोपका तहसील बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत ग्राम पंचायत लगरा में स्थित भूमि खसरा नं. 492/1 रकबा 0.33 एकड़ खसरा नं. 493/7 रकबा 1.13 एकड़ एवं खसरा नं. 493/4 रकबा 0.50 एकड़ इस प्रकार कुल रकबा 1.96 एकड़ भूमि अपूर्व कमल पाटील पिता श्री कमल किशोर पाटील निवासी शिवम सिटी मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम की भूमि स्थित है, उपरोक्त भूमि को मेरे मुवक्कील द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम रकम भूमि स्वामी को देकर इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन किया जाना प्रस्तावित है। अतः जिस किसी व्यक्ति, बैंक / संस्था को उपरोक्त खसरा रकबा के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत समयावधि पश्चात् की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। सो सूचना जानें।

संपर्क
सुर्जित कुमार घृतलहरे
(अधिवक्ता)
मो. नं. 9617908070, 9644644754

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लगरा प. ह. नं. 27 रा. नि.मं. मोपका तहसील बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत ग्राम पंचायत लगरा में स्थित भूमि खसरा नं. 490/1 रकबा 0.95 एकड़ भूमि कृष्ण कुमार यादव पिता स्व. श्री अशोक यादव निवासी हाउस नं 122 वार्ड नं 9 ग्राम लगरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं गोपी यादव पिता स्व. श्री अशोक यादव निवासी हाउस नं 122 वार्ड नं 9 ग्राम लगरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) के संयुक्त नाम की भूमि स्थित है, उपरोक्त भूमि को मेरे मुवक्कील द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम रकम भूमि स्वामी को देकर इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन किया जाना प्रस्तावित है। अतः जिस किसी व्यक्ति, बैंक / संस्था को उपरोक्त खसरा रकबा के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत समयावधि पश्चात् की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। सो सूचना जानें।

संपर्क
सुर्जित कुमार घृतलहरे
(अधिवक्ता)
मो. नं. 9617908070, 9644644754

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ममता मंगेशकर उम्र 36 वर्ष पति प्रमोद मंगेशकर निवासी वार्ड नं. 12 मिनीमाता नगर तालापारा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती करुणा तिवारी पति सुदर्शन तिवारी निवासी बाघामुडा कवर्धा छ.ग. के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि मौजा ग्राम घुरू सईदा रोड प.ह.नं.61 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 75/53 रकबा 1502 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिये तथा भविष्य में उसका विक्रय पंजीयन निष्पादित किया जाना है।

अत: उक्त विक्रय सौदा में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा समयावधि पश्चात की आपत्ति मान्य नहीं होगी व शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।

भवदीय
शुभोजीत मजूमदार
अधिवक्ता
पता-जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.9589571858

### न्यायालय तहसीलदार मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202602200600015
ग्राम मालाडाड़

एतद द्वारा, सर्व साधारण ग्राम मालाडाड़ को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदकगण समरतिया वि. सियाराम वगै. निवासी ग्राम मालाडाड़ तहसील मरवाही जिला गौ.पे.म. (छ.ग.) द्वारा, ग्राम भाला प.ह.नं. 01 तहसील मरवाही स्थित भूमि खसरा क्रमश: 120/5, 92/4, 181/3, 288/8, 288/9,532/4,669/2, 669/2च, 698/6 कुल ख.नं.-14 रकबा कमश: कुल रकबा-7.03 एकड/हे., भू-राजस्व रिकार्ड के खाता विभाजन/फौतीनामांतरण/वसीयत नामांतरण/विक्रय नामांतरण/दान पत्र/रिकार्ड दुरुस्त के संबंध में आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई की जा रही हैं। आवेदित भूमि के किसान प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में स्वयं/अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 18/03/2026 दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। तक अपना

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार मरवाही
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 02/03/2026

ग्राम लिगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम लिगियाडीह प.ह.नं. 31 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 54/310, 54/363, 54/364, 54/367, 54/371, 54/377, 159/3/ख/16, 159/3/ख/17, 159/3/ख/4 रकबा क्रमश: 0.0280, 0. 0010, 0.0010, 0.0010, 0.0010, 0.0273, 0.0120, 0.0160, 0.1010 हे. भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक श्री चित्रसेन सिंह ठाकुर पिता डॉ बी. एस ठाकुर निवासी लिगियाडीह तहसील- बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 18/03/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 02/03/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर छत्तीसगढ़

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी योगेश्वर दास मानिकपुरी उम्र 33 वर्ष पिता श्री सुखम दास मानिकपुरी निवासी स्कूल चौक, चिंगराजपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा नरेन्द्र कुमार रात्रे पिता कुमार लाल रात्रे निवासी नवापारा तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार के नाम पर दर्ज भूमि मौजा बिजौर प.ह.न. 30 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 1/130 रकबा 1225 वर्गफुट भूमि को अनुबंधकर्ता खगेश गुप्ता पिता श्री सत्य नारायण गुप्ता निवासी बहतराई बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री करा लिया जायेगा अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 08 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा, अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय मेन रोड राजकिशोर नगर
स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

### न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-

राजस्व प्रकरण क्रमांक/-98/अ-20(1)/2025-26
पक्षकार मुकेश पाण्डेय पिता-स्व.लोकनाथ पाण्डेय
आवेदक **विरुद्ध** छत्तीसगढ़
शासन.......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक मुकेश पाण्डेय पिता स्व.लोकनाथ पाण्डेय निवासी श्री राम विहार कॉलोनी बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नंबर 8 प्लाट नं. 7/6 रकबा 1237 वर्गफुट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके......नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/1994 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 18/03/2026 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना प्रकाशन बाबत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रतीक टेकवानी पिता बलराम टेकवानी उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रमांक 04, मेन रोड संगम नगर तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. पिन कोड 495330 का निवासी हूँ जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम स्पेलिंग PRATIK TEKWANI दर्ज है, मेरा वास्तविक नाम स्पेलिंग PRATEEK TEKWANI है, जो कि मेरे शैक्षणिक अंकसूची में दर्ज है। अपने नाम स्पेलिंग में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपने वास्तविक नाम स्पेलिंग PRATEEK TEKWANI रखना चाहता हूँ और अब मैं इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाना चाहता हूँ। जिसके चलते मेरे दस्तावेजों / शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिंग दस्तावेज एवं आधार कार्ड तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहां भी मेरा नाम PRATIK TEKWANI दर्ज है कि स्थान पर संशोधन कर PRATEEK TEKWANI दर्ज कराना चाहता हूँ। तत्संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो मेरे समक्ष 15 दिवस के भीतर उपस्थित कर सकते है। बाद में किये गये आपत्ति/ दावा पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

दिनांक : 03/03/2026

प्रतीक टेकवानी
पिता बलराम टेकवानी
निवासी वार्ड क्रमांक 04,
मेन रोड संगम नगर तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.
पिन कोड 495330
मो.नं. 9827175875

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव
// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र......./ ब-121/2025...26
ग्राम सेमरचुवा....प.ह.नं. 02

आप एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम सेमरचुवा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका श्री/श्रीमती/ कु. दीप प्रकाश पिता/पति संतोष जाति कलार निवासी ग्राम सेमरचुवा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने स्वयं के जन्म/मृत्यु दिनांक 01/07/2006 को ग्राम पंचायत सेमरचुवा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/3/2026 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

### विश्वसनीय छत्तीसगढ़
कार्यालय नगरपालिका परिषद तखतपुर, जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ़

ब्लाक कालोनी तखतपुर (छ.ग.) पिन 495330
Email: nptkp2013@gmail.com
क्र.1185/रा.शा./न.पा./ 2025-26
तखतपुर, दिनांक 9.3.2026

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सीमा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित भूमि/भवन का हक हस्तांतरण नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 अन्तर्गत किया जाना है।

जिसके आवेदक श्रीमती कृष्णा देवी पति स्व.मूलचंद अग्रवाल साकिन वार्ड क्र. 06 मुसलमानपारा तखतपुर के द्वारा भूमि/भवन / मकान को आपसी पारिवारिक बंटवारा के तहत वार्ड क्र.06 पाठकपारा में स्थित खुला प्लाट 1230 वर्गफुट तथा 600 वर्गफुट पर निर्मित मकान कुल 1830 वर्गफुट मकान एवं खुला प्लाट को बंटवारा में प्राप्त किया है, जिसे नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत आवेदक के नाम नामांतरण किया जाना है, जिसके लिए आम ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर आपत्ति हो वे समयावधि में कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर राजस्व शाखा में प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद तखतपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## बरेला पेट्रोल पंप के सामने एनएच पर बने खतरनाक गड्ढे

# सड़क से उड़ रही धूल ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरेला स्थित पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना विशाल और खतरनाक गड्ढा अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। कुछ दिन पहले हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद बहते पानी को तो रोक दिया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है।

■ कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

पानी रुकते ही अब सड़क पर धूल के गुबार उठ रहे हैं, जिससे वाहन चालकों की दिशा तक भ्रमित हो रही है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण उड़ती धूल से दृश्यता कम हो जाती है, वहीं गड्ढे में बिखरी गिट्टी फिसलन का कारण बन रही है। हालात ऐसे हैं कि राहगीर गिट्टी पर फिसलकर गिर रहे हैं और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीते दिनों एक ट्रक के चक्के से उछलकर आई गिट्टी एक राहगीर के सिर पर जा लगी, जिससे उसका सिर फूट गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढा नहीं भरा गया तो कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। सबसे गंभीर बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बावजूद यहां नाली का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे बारिश और पानी की निकासी न होने के कारण सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। बरेला से मुंगेली पहुंच मार्ग पर बरेला एनएच सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल का कहना है कि पानी बहा रहे लोगों को तत्काल मना किया गया। अब पानी नहीं बहाया जा रहा है पर स्थिति आज भी भयावह है। हालांकि जमीनी हकीकत यह है कि विभाग अब तक न तो गड्ढा भर पाया है और न ही सेमरचुआ मोड़ के आगे जलनिकासी की कोई अस्थायी व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं होता, तब तक अस्थायी रूप से गड्ढे भरे जाएं, धूल नियंत्रण के उपाय किए जाएं और सेमरचुआ मोड़ के आगे जलनिकासी की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।



### सेमरचुआ मोड़ के आगे स्थायी जलभराव

स्थानीय लोगों ने एक और गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। बरेला के सेमरचुआ मोड़ के आगे आए दिन सड़क पर पानी भरा रहता है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कॉम्प्लेक्स बनने के बाद पानी के बहाव की प्राकृतिक निकासी पूरी तरह बंद हो गई है। नाली और वैकल्पिक ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर ही जमा रहता है, जिससे सड़क की परत कमजोर हो रही है और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद एनएच विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं भारी वाहनों के गुजरने से सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो रही है।



**शीघ्र होगा काम शुरू**

सड़क निर्माण का कार्य ठेके पर दिया जा चुका है और शीघ्र ही काम शुरू होने की संभावना है।

अतुल पेगवार,
अनुविभागीय अधिकारी, एनएच संभाग बिलासपुर

# एकलव्य स्कूल के बच्चों ने किया कानन पेंडारी का भ्रमण



भ्रमण में एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थी

मुंगेली। पीएमश्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास, व्यवहारिक ज्ञान तथा पर्यावरणीय एवं वैज्ञानिक समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के विद्यार्थियों शैक्षणिक भ्रमण पर बिलासपुर स्थित प्रसिद्ध कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन तथा वंडर वर्ल्ड पार्क का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन में विभिन्न वन्यजीवों, पक्षियों एवं जीव–जंतुओं को नजदीक से देखा तथा उनके प्राकृतिक आवास, संरक्षण एवं जीवन शैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण तथा वन्यजीवों के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। इससे विद्यार्थियों में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित हुई। भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने वंडर वर्ल्ड पार्क का भी भ्रमण किया। जहां उन्होंने मनोरंजन तथा आकर्षक गतिविधियों का अनुभव एवं खेलों का आनंद लिया। इस स्थल पर विद्यार्थियों को मानसिक ताजगी, आपसी सहयोग तथा सामूहिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण से अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं और इसे अपने लिए अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# बघर्रा पाठ नृसिंह भगवान मंदिर में प्रज्जवलित होंगे आस्था के ज्योत

**बिलासपुर।** ग्राम हॉफा में देवाधिदेव बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह देव का मंदिर स्थापित है। मंदिर के आचार्य धनेश उपाध्याय ने बताया कि चैत्र और क्वांर दोनों पर्व पर नृसिंह भगवान मंदिर में देवी की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। अष्टमी हवन एवं नवमी कन्या भोज के पश्चात भक्तों को भोग लगा हुआ भंडारा वितरण किया जाता है।

भक्तों को मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने से सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन की प्राप्ति होती है। यह अनुष्ठान सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने, नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने और माँ लक्ष्मी व भगवान नृसिंह की विशेष कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण करने में सहायक माना जाता है। आचार्य ने बताया 19 से 27 मार्च तक पूरे नौ दिनों का नवरात्रि पर्व है।



इस बार माता रानी का आगमन देवी पुराण के अनुसार, पालकी (डोली) पर होगी। माता की सवारी एवं शुक्रवार के दिन हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करती हैं, जिसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। इस साल 27 मार्च शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि का नवमी है। मंदिर में तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इच्छुक भक्त घृत का 2051 एवं तेल 851 रुपए देकर पंजीयन करा कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करा सकते हैं।

# अफीम खेती का मामला: सरकार पर हमलावर कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा लगभग 9.50 एकड़ में अफीम की खेती करने के कथित मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसी क्रम में पेंड्रा में भी कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार को घेरा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि, दुर्ग के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ जमीन में अफीम की खेती का मामला सामने आया है। उन्होंने

■ पत्रकार वार्ता में लगाए गंभीर आरोप, गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग





आरोप लगाया कि, यह खेती भाजपा नेता विनायक चंद्राकर द्वारा कराई जा रही थी, जो भाजपा दुर्ग जिले के किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश संयोजक हैं। गजमती भानु ने कहा, सत्ता में बैठे लोग इस अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं और इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में प्रतिबंधित दवाइयां, नशीली गोलियां और अन्य अवैध नशे गली-मोहल्लों में खुलेआम बिक रहे हैं और नाबालिग बच्चों तक पहुंच रहे हैं। पार्टी का कहना है कि 10 से 17 वर्ष तक के हजारों बच्चे नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं और कई मौतें भी हो चुकी हैं, लेकिन सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में असफल रही है। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसका खुलासा होना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजमती भानु के साथ मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश साहू, मोतीचंद जैन तथा मीडिया प्रभारी पवन केसरवानी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## 4 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**अकलतरा।** चार किलो गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। साथ ही उनके कब्जे से दो लाख रुपए कीमती गांजा बरामद किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 8 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास एक काले रंग के बैग में भारी मात्रा में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही थाना अकलतरा पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम तरुण सेन पिता अशोक सेन निवासी ग्राम गरियाबंद रावणभाठा थाना व जिला गरियाबंद तथा प्रतीक मिश्रा पिता सोमनाथ मिश्रा निवासी बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर बताया। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर उसमें चार पैकेट में रखा कुल 4 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

# खाद्यान्न वितरण में बनाए रखें पारदर्शिता और नियमितता



मुंगेली। जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को चावल का वितरण किया गया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को बताया कि राज्य शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। "चावल उत्सव" के माध्यम से हितग्राहियों को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि चावल उत्सव के दौरान विभिन्न उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकान संचालकों को निर्देश दिए कि वे शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता और नियमितता बनाए रखें तथा हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# होली के दिन विवाद कर वाले आरोपी गिरफ्तार



**तखतपुर।** होली के दिन वाद-विवाद कर मारपीट करने वाले आरोपीयों को पुलिस ने अपराध गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि होली के दिन 4 मार्च को कुछ बदमाश एक-दूसरे से लड़ाई-झगड़ा कर माहौल बिगाड़ रहे थे। सूचना पर पुलिस ने सिरसहा निवासी सलीम जांगड़े, सन्नी जांगड़े, लिम्ही निवासी रामरतन रात्रे, खम्हरिया निवासी मनोज धीमर, राजा धीमर, जरेली निवासी विवेक कश्यप, ढनढन निवासी रविशंकर उर्फ नीलकमल, प्रीतम कैवर्त, सिलतरा निवासी राजाराम कश्यप, श्यामू साहू उर्फ पप्पू, लिम्ही निवासी रोशन कुमार रात्रे के खिलाफ धारा 170, 126, 135,3 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# निर्माणाधीन स्कूल भवनों की धीमी प्रगति से कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीएम श्री योजनांतर्गत निर्माणाधीन स्कूल भवनों की प्रगति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन स्कूल भवनों में धीमी प्रगति और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर डीईओ और जिला मिशन समन्वयक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीएम श्री योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि योजना के तहत आवश्यक निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया

### डीईओ व डीएमसी को दिया नोटिस जारी करने का निर्देश



शिक्षा विभाग की बैठक लेते कलेक्टर

जाएं, ताकि स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। बैठक में कलेक्टर ने पीएम श्री योजना के अंतर्गत सेचुरेशन प्वाइंट की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यार्थियों के आधार पंजीयन और एमबीयू अद्यतन कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नियमित बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा की जाए तथा समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। साथ ही नवीन आधार पंजीयन और एमबीयू अद्यतन के कार्यों में लक्षित प्रगति हासिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में मुंगेली में केंद्रीय विद्यालय के संचालन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय का संचालन 1 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर में शामिल हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 9 मार्च को डॉ. जेपीएम शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 9 में एक दिवसीय उद्योग कार्यशाला एवं उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभित कुमार बाजपेयी ने की।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बाजपेयी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता युवाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सुधीर तिवारी ने भी उद्योग एवं उद्यमिता से संबंधित





अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को नए अवसरों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सहायक संचालक उत्तम दुबे द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी उद्योग योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों तथा उद्यमिता विकास के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी कु. तृप्ति लकड़ा रहीं तथा डॉ. लव कुमार वर्मा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर की पत्रकारों से चर्चा,दी विकास कार्यों की दी

# नपा अध्यक्ष रोहित ने गिनाईं एक वर्ष की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने एक साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पत्रकारों के साथ साझा की।

रोहित शुक्ला ने बताया कि, उनके कार्यकाल के पहले वर्ष में नगर में सड़क, नाली, चौक सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन, स्ट्रीट लाइट, गार्डन निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि, नगर की गरिमा के अनुरूप विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। रोहित शुक्ला ने नगर की जनता का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, एक सामान्य नागरिक को नगर की जनता ने अपना प्रेम, सहयोग और आशीर्वाद देकर नगर का प्रथम नागरिक बनने का अवसर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, नगर का विकास सभी की अपेक्षाओं और गरिमा के अनुरूप किया जाएगा। वहीं नगर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। वर्ष 2023-24 में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत लगभग 144.46 लाख रुपए की लागत से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण और ट्यूबलर पोल लगाने के कार्य किए गए। इसके अलावा वर्ष 2023-24





एक वर्ष के कार्यकाल की जानकारी देते नगर पालिका अध्यक्ष

में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 69 कार्यों के लिए 859.18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 60 कार्य 395.07 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हो चुके हैं, जबकि कुछ कार्य प्रगतिरत हैं तथा नगर के विभिन्न चौकों के सौंदर्यीकरण सहित कुछ कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास के लिए 1388.32 लाख रुपए की स्वीकृति मिली, जिसमें से 26 कार्य 299.64 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किए जा चुके हैं। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पिछले वर्षो्र में ट्रैक्टर, मिनी टिपर, वैक्यूम एम्पिटर, ई-रिक्शा, कम्पोस्ट मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉली और स्टील डस्टबिन सहित विभिन्न मशीनरी और उपकरणों की खरीद की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर में 1379 आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 1238 पूर्ण हो चुके हैं और 151 निर्माणाधीन हैं। पिछले एक वर्ष में ही 77 आवास पूर्ण किए गए हैं। वहीं आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 378 आवास स्वीकृत हुए हैं। नगर के 22 वार्डों में कुल 10 हजार 426 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। वहीं विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 3 हजार 389 हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2026-27 के बजट के लिए नगर पालिका परिषद ने लगभग 132 करोड़ रुपये के बड़े विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार किया है। इनमें आगर नदी के किनारे रिटेनिंग वॉल, लोरमी बायपास से रामगढ़ पुल तक बीटी सड़क, आगर नदी में स्टॉप डैम, रिवर व्यू फोर लेन सड़क, रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण और नगर भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं।

# बिलासपुर जिले में पंजीकृत 56 हजार किसानों के धान पंजीयन में हुई त्रुटि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में खरीफ विपणन वर्ष 2025—26 में पंजीकृत किसानों के रकबा में हुए समस्याओं की जानकारी मांगी।



■ जिले में पंजीकृत 56 हजार किसानों के धान पंजीयन में हुई त्रुटि, विधायक अटल के प्रश्न पर मंत्री ने दिया

कोटा विधायक ने प्रश्न के माध्यम से जानकारी मांगी कि कितने पंजीकृत किसानों का रकबा शून्य हो गया था? कितने किसानों का रकबा कम हुआ ?कितने किसानों के धान के फसल के स्थान पर अन्य फ़सल प्रविष्ट हो गया था? उक्त हुए कितने समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रश्न के उत्तर में माननीय खाद्य मंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि बिलासपुर जिले में 291 किसानों का रकबा शून्य हो गया था,20172 किसानों का रकबा कम हो गया था और 35808 किसानों के धान के फसल की जगह अन्य फ़सल की प्रविष्टि हुआ है। जिसमें से 31054 किसानों के समस्याओं का निराकरण किया गया है। सदन में संबंधित मंत्री ने श्री श्रीवास्तव के प्रश्नों के जवाब दिए।

## खबर संक्षेप



### सूने मकान से 3 लाख का माल ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** जमीन दलाल के सूने मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर 3 लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा निवासी सरोज कुमार साहू पिता श्याम लाल साहू जमीन दलाली करते हैं। 2 मार्च की शाम 6.30 बजे होली त्यौहार मनाने के लिए अपने परिवार के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम लखनपुर कोरबा चले गए थे। 6 मार्च की रात 8 बजे घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। आलमारी से सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने का लाकेट, एक जोड़ी पायल, एलईडी, स्मार्ट वाच, घड़ी, 22 हजार रुपए नकद रकम सहित 3 लाख का सामान चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना करने के बाद उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### खड़ी कार को आटो ने मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** घर के पास खड़ी कांग्रेस नेता की कार को आटो चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सीपत जुहली निवासी पार्थकिशन पोर्ते ने रिपोर्ट लिखाई। वह कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास की कार क्रमांक सीजी 10 बीजेड, 0041 को चलाता है। 19 फरवरी की शाम 7.30 बजे कार श्रीवास मोहल्ला गोपी श्रीवास के घर के सामने में खड़ी थी। वे मोहल्ले के युवकों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आटो क्रमांक सीजी 10 एएल,2096 के चालक दिलीप गुप्ता ने तेज गति से चलाते हुए कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घर में शादी का कार्यक्रम चलने के कारण 9 मार्च को रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर आटो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध बिजली कनेक्शन से महिला की मौत

**बिलासपुर।** अवैध बिजली कनेक्शन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में जांच के बाद पुलिस ने किसान के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर 2025 को दवनडीह निवासी सूरज बाई साहू पति स्व. मनहरण साहू 65 साल गाय के लिए चारा लेने खेत की ओर जा रही थी। वह गांव के पटेल मोहल्ला के पास पुल के नीचे रास्ते से गुजर रही थी। उस दौरान जमीन में गिरे बिजली तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। जांच में पाया गया संजू चंद्राकर ने ट्रांसफार्मर से अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन लिया था। उसी तार की चपेट में आने से सूरज बाई साहू की मौत हुई थी। पुलिस ने संजू चंद्राकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**डेढ़ लाख रुपए तक का होगा कैशलेस इलाज** — पीएम राहत योजना के अंतर्गत मिलेगी सुविधा

# सड़क दुर्घटना के घायलों को मिलेगा इलाज, स्वास्थ्य विभाग ने 37 अस्पतालों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कैशलेस इलाज की सुविधा दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के 37 निजी व सरकारी अस्पतालों की सूची जारी कर दी है। इन अस्पतालों में घायलों को निशुल्क इलाज मिलेगी। खास बात यह है कि पीएम राहत योजना के तहत 7 दिनों तक 1 लाख रूपए का इलाज मिलेगा।

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को जल्द ही निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल सकेगा। पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती अवधि के दौरान अधिकतम 7 दिनों तक या 1.50 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार मिलेगी। इसके लिए दुर्घटना स्थल के संबंधित थाने से अनुबंधित अस्पतालों में भर्ती किया जाएगा। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अस्पतालों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले के सरकारी एवं निजी कुल 37 अस्पतालों को पंजीकृत किया गया है। जहां दुर्घटना घायल को तत्काल उपचार की सुविधा मिलेगी। सरकारी अस्पताल में सीएचसी तखतपुर, सीएचसी बिल्हा, सीएचसी मस्तूरी, सीएचसी कोटा, सिम्स बिलासपुर तथा जिला अस्पताल बिलासपुर शामिल हैं।




### 37 अस्पतालों की सूची जारी की गई है

सड़क दुर्घटना में तत्काल राहत के लिए योजना की शुरूआत की गई है जिससे घायलों को जीवन रक्षा संबंधी इलाज तुरंत मिल सकेगा। फिलहाल 37 अस्पतालों की सूची जारी की गई है। हमारा प्रयास है कि जल्द ही इनकी संख्या में इजाफा होगा।

-**शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### इन निजी अस्पताल मे मिलेगी सुविधा

जिले व शहर के निजी अस्पतालों को भी इस सुविधा में जोड़ा गया है। जिसमें आरबी अस्पताल, अंकुर ट्रॉमा केयर नर्सिंग होम, आरोग्य हॉस्पिटल, अरपा मेडिसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बर्न ट्रॉमा रिसर्च सेंटर, केयर एन क्योर मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, गजानन स्मृति चिकित्सालय, जन स्वास्थ्य सहयोग, खंडूजा ऑर्थोकेयर एक्सीडेंट हॉस्पिटल, लाल चंदानी हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल, मेडिबोन हॉस्पिटल, मूंदड़ा हॉस्पिटल, न्यू जनता हॉस्पिटल, न्यू वंदना हॉस्पिटल, नोबल हॉस्पिटल, प्रभा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, रामकृष्ण हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, शिवांगी हॉस्पिटल, श्री मंगला हॉस्पिटल, श्री श्याम मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, श्रीराम केयर हॉस्पिटल, श्री शाह न्यूरो हॉस्पिटल, साइंसेज रिसर्च सेंटर, सुखम आरोग्यालय, यूनिटी हॉस्पिटल तथा यूनिटी स्माइल ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल शामिल हैं।

## 27 हजार वाहन चालकों पर किया गया 1 करोड़ 14 लाख जुर्माना





यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए आईटीएमएस ने 27 हजार 824 वाहन चालकों पर चालान कर मामले को कोर्ट में पेश किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से सघन कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रहा है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर सार्वजनिक आवागमन को बाधित करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा आईटीएमएस के माध्यम से आन लाइन चालान की जा रही है। पिछले 2 वर्ष एवं जनवरी से वर्तमान तक आईटीएमएस द्वारा कुल चालान 27 हजार 824 जिसमे कुल समन शुल्क 1 करोड़ 14 लाख 16 हजार 300 रुपए अधिरोपित किया गया है। एसएसपी ने बताया कि खतनाक तरीके से गाड़ी खड़ी करने एवं नो पार्किंग पर गाड़ी खड़ी करने जैसे लापरवाही पर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट विभिन्न धाराओं के तहत संघन एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। विभिन्न धाराओं के तहत लगातार अभियान चलाकर शहर को विभिन्न सेक्टर में विभाजित करते हुए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है वहीं जो भी वाहन सार्वजनिक आवागमन के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर रहे है उन्हें तत्काल कार एवं बाइक लिफ्टर से लिफ्ट करके थाना लाया जा रहा है। प्रकरण न्यायालय भी भेजी जा रही है।

## खस्ताहाल वाहन में शव ले जाने की मजबूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दी गई शव वाहन खस्ताहाल हालत में सड़कों पर दौड़ रही है, इन कंडम वाहनों के जरिए ही शव अस्पताल से ले जाए जा रहे हैं। इस दौरान परिजनों के खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

राज्य शासन द्वारा जिले में मुहय्या कराई गई 1099 मुक्तांजली वाहनों की हालत बेहद खराब है। इन वाहनों के बॉडी पूरी तरह से जंग लग चुके है। हालत यह है कि वाहनों में शव रखने से पहले परिजन 10 बार सोच में पड़ जाते है। दरअसल वाहन के दरवाजे क्षतिग्रस्त हो चुके है और इन दरवाजों को बंद करने के लिए गमछे और रस्सी का उपयोग किया जा रहा है। शासन ने इन वाहनों की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है लेकिन वाहनों के मेंटनेंस का जिम्मा किसी भी विभाग को नहीं दिया गया है, जिसके चलते वाहनों की हालत बदतर हो चुकी है।

# 9 दिन में 4 लाख किसानों ने निकाले 112 करोड़ सहकारी बैंकों में रोजाना लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार ने बिलासपुर सहकारी बैंक के अंतर्गत आने वाले 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों के खाते में होली से पहले 1984 करोड़ रुपए की राशि भेजी थी। होली त्योहार के पहले से लेकर इस राशि को निकालने बैंक में रोजाना सैकड़ों किसान पहुंच रहे हैं।

- होली से पहले 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों के खाते में 1984 करोड़ भेजे गए थे

सुबह से लेकर देर शाम तक राशि निकासी की लिमिट होने के कारण आधे ही किसानों को पैसा मिल पा रहा है। हालांकि बैंक प्रबंधन का कहना है कि किसानों को परेशानी ना हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। ध्यान रहे कि इसमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल है जिनके खाते में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। जिला मुख्यालय स्थित सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक राशि वितरण के पहले दिन से लेकर अभी तक बिलासपुर में ही 200 करोड़ रुपए से अधिक का आहरण किया जा चुका है। 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों की बात करें तो आंकड़ा 112 करोड़ के पार है। रोजाना सुबह से लेकर शाम तक किसानों द्वारा विड्रॉल फॉर्म जमा किया जा रहा है। होली के पहले तो राशि निकालने के लिए काफी भीड़ रही और कई किसानों को वापस लौटना पड़ा। इसके बाद सहकारी बैंक प्रबंधन ने काउंटर बढ़ाए।



### डिमांड दो लाख की भुगतान 40 हजार

हालांकि किसानों का कहना है कि दो लाख रुपए तक का डिमांड फॉर्म भरने के बावजूद 40 हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। एटीएम मशीनों से भी एक बार में केवल 1000 से 1500 रुपए की निकासी हो पा रही है। कई एटीएम कैश खत्म होने से बंद पड़े हैं। कई किसानों ने बताया कि वे सुबह 9 बजे से बैंक में डटे रहे, लेकिन होली से पहले राशि नहीं मिल सकी। अब हालांकि कुछ स्थिति सामान्य हुई है। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने होली से तीन दिन पहले समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किया है।

### इन जिलों से भी राशि का आहरण

ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले के साथ ही सहकारी बैंक के अंतर्गत मुंगेली, जांजगीर-चांपा और कोरबा जिला भी आता है। अब तक इन जिलों को मिलाकर 111 करोड़, 87 लाख 59 हजार रुपए से भी ज्यादा विड्राल किए जा चुके हैं। इसमें मुंगेली जिले में 27 करोड़ 19 लाख, जांजगीर-चांपा में 32 करोड़ 70 लाख तो कोरबा में 6 करोड़ 71 लाख रुपए से ज्यादा बैंकों से निकाले जा चुके हैं।

## काउंटर से टिकिट लेकर 100 से 200 रुपए में बेचने वाला दलाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आरक्षण कार्यालय से टिकिट बुकिंग कराने के बाद लोगों को 100 से 200 रुपए प्रति यात्री के हिसाब से देकर दलाली करने वाले टिकिट दलाल को आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने दलाल के पास से तत्काल कोटा सहित साधारण टिकिट जब्त कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

होली पर्व खत्म होने के बाद लोगों की अपने-अपने स्टेशनों में वापसी होनी शुरु हो गई है। इसके कारण ट्रेनों में भीड़ की वजह से कई यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है, जिसका फायदा टिकिट दलालों को हो रहा है। टिकिट दलाली रोकने के लिए आरपीएफ की टीम लगातार रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करती है, जिसके बाद भी दलाली की प्रथा को रेल प्रशासन रोकने में नाकाम साबित हो रही है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के साथ अब टिकिट दलाल आरक्षण कार्यालय से टिकिट की बुकिंग कर उसे बेचने का काम कर रहे हैं। इसी तरह रेलवे टिकिट की अवैध दलाली करने वालों के खिलाफ सूचना आरपीएफ को मिली थी। आरपीएफ ने सूचना मिलने के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित रेलवे रिजर्वेशन कार्यालय के सामने गुप्त निगरानी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को काउंटर से बाहर आते हुए पकड़ा। उक्त व्यक्ति बसंतपुर जांजगीर निवासी जयकिशन यादव पिता महावीर यादव 30 साल के पास तत्काल कोटे की स्लीपर टिकिट के साथ दूसरी टिकिट रखी मिली। पूछताछ में जानकारी मिली कि जयकिशन बेरोजगार है और अपने पाकेट खर्च के लिए मोबाइल में बनाए गए आईआरसीटीसी पर्सनल आईडी का उपयोग करता है। इसके साथ ही कभी-कभी रेलवे काउंटर से टिकिट बनवाकर यात्रियों को बेचकर 100 से 200 रुपए प्रति यात्री कमीशन लेता है। आरपीएफ ने टिकिट दलाल जयकिशन यादव के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई करने के साथ फ्यूचर टिकिट, पास्ट टिकिट सहित 13 टिकिट जब्त किया है।



## परिसर में फैला गंदा पानी मरीजों को हो रही परेशानी



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ लापरवाही बरती जा रही है। मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में गंदा पानी भर रहा है। रोजाना इसी से होकर मरीज और परिजन अस्पताल में दाखिल हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन आंख मूंदे बैठा है।

जिला अस्पताल में अव्यवस्था का आलम है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही साफ देखने को मिलती है। दरअसल पिछले कई दिनों से मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में अस्पताल का गंदा पानी बह रहा है। यहां रोज पानी भरा रहता है, जिससे होकर परिजन अस्पताल में दाखिल होते हैं। इसकी जानकारी भी प्रबंधन को है, लेकिन इसे ठीक नहीं किया जा रहा है। मातृ एवं शिशु अस्पताल में रोजाना सैकड़ों महिलाएं एवं बच्चे पहुंचते हैं। गड्ढे में भरा पानी उन्हें भी प्रदूषित कर रहा है, वहीं इससे निकलने वाली दुर्गंध से हर कोई परेशान है। कई लोगों को मुंह छिपा कर आना-जाना पड़ रहा है। अस्पताल कर्मचारियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से टायलेट और बाथरूम का पानी लिकेज हो रहा है लेकिन निर्माणकारी एजेंसियों को बनाने की फुर्सत नहीं है।

**अधिकारी नहीं देते ध्यान**-अस्पताल में कई मामलों में लापरवाही हावी है। रिजेंट की कमी से पैथोलॉजी जांच, नर्सों के द्वारा मरीज व परिजनों से रिश्वत लेना, डाक्टरों की अनुपस्थिति, इलाज में बरती गई लापरवाही प्रमुख है, लेकिन उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है, जिसके चलते व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है।

## शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार किया और ठग लिए 9 लाख

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर एक युवक ने कोरबा की एक युवती से शहर की होटल में अनाचार किया, फिर नौकरी लगाने का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी भी कर ली। पुलिस ने युवक के खिलाफ अनाचार और धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि कोरबा की रहने वाली एक युवती की शादी डाट काम वेबसाइट से जांजगीर चांपा निवासी पवन यादव से जान पहचान हुई। दोनों आपस में बातचीत करने लगे। इसी बीच पवन यादव ने युवती को मिलने के लिए बिलासपुर तोरवा क्षेत्र के एक होटल में बुलाया। शादी करने का आश्वासन देकर युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद उसे नौकरी लगवा देने की बात कहते हुए अगल अलग किश्तों में 3 लाख 50 हजार व जेवर सहित 9 लाख रुपए ले लिया। नौकरी नहीं लगने पर युवती से युवक से मुलाकात की तो उसने पैसा लौटाने व शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेलवेकर्मी से 2 लाख 85 हजार की ठगी

तोरवा पुलिस के अनुसार, सांई भूमि निवासी विवेक शुक्ला पिता दयानंद प्रसाद रेलवे में ट्रेन मैनेजर के पद पर कंट्रोल रूम में पदस्थ है। 7 मार्च को उसके मोबाइल में ई चालान का मैसेज आया। मैसेज क्लिक करने पर ओवर स्पीड का चालान था, जिसमें किसी प्रकार का रुपए दर्ज नहीं था। बाद में उन्होंने मैसेज को बैक कर दिया। उसके बाद उनका मोबाइल हैक कर अलग अलग 4 किश्तों में 2 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### बर्तन, पूजा सामान चोरी करने वाले 3 नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धर्मशाला से बर्तन, पूजा का सामान चोरी करने वाले 3 नाबालिग सहित 4 लोगों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास आर्य धर्मशाला न्यास दयानंद सेवाधाम से चोरों ने तांबे का बर्तन, साउंड बाक्स, कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने अशोक नगर अटल आवास निवासी निखिल साहू पिता अंजू साहू 19 साल व तीन अन्य नाबालिग को पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, आवेदन 25 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खमतराई 2, वार्ड क्र 58 रानी दुर्गावती नगर में सहायिका का एक पद खाली है। इस पद पर भर्ती के लिए 11 मार्च से 25 मार्च शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदक ऑनलाइन लिंक **aww.e-bharti. in** में जाकर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल अपलोड करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# जलसंसाधन विभाग:10 दिन में नहीं की गई एसई की पोस्टिंग

## विभाग ने जारी किया था डीपीसी में प्रमोशन, पोस्टिंग अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जलसंसाधन विभाग में एसई जीडी रामटेके के रिटायर होने के बाद पिछले 10 दिनों से नए एसई की पदस्थापना नहीं की गई है। अधिकारी नहीं होने से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है।

- 27 फरवरी को रिटायर हुए थे एसई

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को जलसंसाधन विभाग में पदस्थ अधीक्षण यंत्री जीडी रामटेके रिटायर हो गए हैं। विभागीय नियमों के अनुसार अधीक्षण यंत्री की पोस्टिंग शासन स्तर से ही की जाती है, जिसके लिए आदेश भी जारी किया जाता है, लेकिन किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं होने पर श्री रामटेके ने बिना किसी को प्रभार सौंपे कार्य से मुक्त हो चुके हैं। बताया जाता है कि अधीक्षण यंत्री श्री रामटेके ने बाबू को निर्धारित फार्म में हैंडओवर टेकन फार्म में स्वयं हस्ताक्षर कर विभाग से विदाई ले ली है, जबकि ज्यादातर मामलों में रिटायरमेंट लेने वाले अधिकारियों को प्रभार सौंपने से पहले यह फार्म भरकर प्रभार लेने वाले अधिकारियों के हस्ताक्षर के साथ दिया जाता है, जबकि इस मामले में महज श्री रामटेके हस्ताक्षर मौजूद है।

### प्रमोशन का आदेश, पोस्टिंग के लिए खींचतान

यह पहला मामला नहीं है जिसमें जलसंसाधन विभाग में पोस्टिंग को लेकर देरी की जा रही है, इससे पहले भी सीई और ईई की पोस्टिंग के लिए उच्च स्तर पर लेनदेन का आरोप लगता रहा है। 25 फरवरी को उपसचिव रवीन्द्र मेढेकर ने प्रदेश के 18 कार्यपालन अभियंता को प्रमोशन का आदेश देते हुए अधीक्षण यंत्री पर पदोन्नति दे दी है, लेकिन किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार बिलासपुर में अधीक्षण यंत्री के पद पर पोस्टिंग के लिए लेनदेन चल रहा है, जिसके चलते अधीक्षण यंत्री की कुर्सी खाली है।

### 4 अधिकारी दौड़ में

शासन स्तर पर 18 कार्यपालन अभियंत्राओं की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है, जबकि अभी भी दर्जन भर अधिकारियों के प्रमोशन लिस्ट निकलना बाकी है। सूत्रों के अनुसार बिलासपुर में पद 4 कार्यपालन अभियंता भी अधीक्षण यंत्री बनने की दौड़ में हैं।

### की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था

शासन से अभी किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है। उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

-**जेके नेताम**, सीई, जलसंसाधन विभाग



## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ



**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन समिति के द्वारा प्रतिवर्ष राम कथा का आयोजित की जाती है। श्रीराम कथा रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी। कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा मां महामाया मंदिर शीतला मंदिर हनुमान मंदिर होते हुए मनियारी नदी से जल भरकर कथास्थल संस्कृतिक भवन श्रीराम सदन पहुंची। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर की मातृ शक्ति उपस्थित रही। कलश यात्रा में उपस्थित मुख्य यजमान पूर्णिमा ध्रुव कश्यप अशोक दुबे योगेंद्र कुमार सीपी दीक्षित रोहन सिंह विश्वनाथ साहू भागवत साहू कृष्ण कुमार साहू कोमल सिंह ठाकुर लेटल जायसवाल श्रवण सिंह दिनेश मिश्रा महेंद्र पांडे रोहित सिंह महेश सिंह केशर सिंह रोशन सिंह अमन सिंह उपस्थित रहे।

### जीवनदान के संकल्प के साथ स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान



**पेंड्रा।** मानवता की सेवा और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डाइट पेंड्रा के स्वयंसेवकों द्वारा जिला अस्पताल पेंड्रा में आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने रक्तदान जीवनदान के महान संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान जिला अस्पताल के चिकित्सकीय दल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. निकिता घृतलहरे, डॉ. पी.एस. कुर्रे, परमजीत सिंह पैकरा एवं सूर्यकांत जनक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं डाइट पेंड्रा से जेपी पैकरा की उपस्थिति भी रही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवक नोबल कुमार, नितेश सारथी, भूपेंद्र बंजारे तथा मनीष कुमार रामपुरिक सहित अन्य स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

### अल्का यादव को मिला रानी दुर्गावती सम्मान

**लोरमी।** दूरस्थ ग्रामीण अंचल छीतापार में संचालित विष्णुकांति महाविद्यालय में पदस्थ डॉ. अलका यतीन्द्र



यादव को रानी दुर्गावती सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान भारत उत्थान न्यास कानपुर द्वारा गूगल मीट पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय ई -संगोष्ठी विषय एआई, सामाजिक विज्ञान एसटीइएम और वित्त का समन्वय महिलाओं और बालिकाओं के लिए समावेशी भविष्य का निर्माण एवं शिक्षा में नवाचार के क्षेत्र में असधारण योगदान और उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया।

### माशिमं सदस्य और अधिकारियों ने लिया परीक्षा केंद्र का जायजा

**तखतपुर।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे माशिमं सदस्य और



अधिकारियों ने केंद्र का लिया जायजा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 2026 की वार्षिक परीक्षा का सघन निरीक्षण अधिकारी और बोर्ड मेम्बर कर रहे हैं। शा क उ मा वि में निरीक्षण करने माध्यमिक शिक्षा मण्डल का सदस्य चंद्रकांत तिवारी पहुंचे और परीक्षा केंद्र में जायजा लिया। बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी। गत वर्ष से बोर्ड दो बार परीक्षा ले रहा है जिसमें फेल और पूरक आने वाले विद्यार्थियों को सत्र में दो बार परीक्षा का अवसर दिया जा रहा है, जिसमें वे शामिल होकर परीक्षा परिणाम सुधार लें और इस माध्यमिक शिक्षा मण्डल की योजना का लाभछात्र उठा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। माध्यिमक शिक्षा मण्डल के सदस्य केंद्रों में पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। गत दिवस परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यिमक शाला का निरीक्षण माध्यिमक शिक्षा मण्डल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, प्रफुल शर्मा, सहायक संचालक सहित अन्य टीम पहुंचे। परीक्षा शांति पूर्वक संचालित हो रही है। इस अवसर पर मृणालिनी केशरवानी, जितेंद्र शुक्ला द्वारा परीक्षा संचालन की जानकारी दी।

### इंसानियत का संदेश देता है रमजान का महीना

**तखतपुर।** रमजान महीने पर पूर्व एल्डरमैन नट्टू अजमत हुसैन के निवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोजेदारों ने रोजा खोलकर अल्लाह की



इबादत की और देश-प्रदेश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिल-बैठकर इफ्तार किया और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व एल्डरमैन नट्टू अजमत हुसैन ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। इफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अंचल में हुए विविध आयोजन

# संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की रक्षक रही हैं क्षत्राणियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ कन्नौजिया क्षत्रिय समाज द्वारा स्व. रामा देवी बघेल की पुण्य स्मृति में नारी सशक्तिकरण सम्मान कार्यक्रम का आयोजन क्षत्रिय समाज मंगल भवन, मुंगेली में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाज की 150 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बिलासपुर, रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा और मुंगेली जिले से समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज की प्रतिभाशाली और कर्मठ महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके योगदान को सम्मान देना था। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की आधारशिला होती है। क्षत्राणी सदैव से संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की रक्षक रही है। कार्यक्रम को डॉ. दिनेश नंदनी सिंह, नगर पालिका सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, मनोज सिंह बघेल, समाज के अध्यक्ष आनंद वल्लभ सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संरक्षक शंकर सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष रामकमल



कार्यक्रम में उपस्थित क्षत्रिय समाज की महिलाएं।

सिंह, सनत सिंह, पूर्व अध्यक्ष गजानंद सिंह, महेंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष सुकन्या सिंह, मालिका सिंह, सुधा सिंह, पुष्पांजलि सिंह, गरिमा सिंह और कात्यायनी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कवि देवेंद्र परिहार ने मातृशक्ति पर ओजपूर्ण कविता पाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन रामपाल सिंह और जान्हवी सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कन्या सिंह, विनिया सिंह, साधना सिंह, रश्मि सिंह, राजरानी सिंह, कल्पना सिंह, सचिव विश्वराज सिंह, चित्रकांत सिंह, देवेंद्र सिंह, संदीप सिंह, दिलबाग सिंह, श्रीओम सिंह, मारुत सिंह, अमरनाथ सिंह सहित अनेक लोगों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समाज के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिलाएं आज आत्मनिर्भर होकर बढ़ रहीं आगे



**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों के समान कार्य कर रही हैं। सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाएं आत्मनिर्भर हैं। सभी कार्यों में वह पुरुषों से कम नहीं है। कार्यक्रम को स्टॉफ नर्स प्रियंका लाशकर, रवीना सोनवानी ने संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं का तिलक लगाकर मितानिन दुर्गा यादव ने स्वागत किया। उपस्थित कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने व आभार प्रह्लाद कौशिक ने किया। इस अवसर पर खिलेश्वरी मिरी, प्रवीण दास, संगीता गेडाम, सुमित्रा मसीह, उमा मनहर, रोहित कौशिक, जितेंद्र बंधे, राजकुमार ध्रुव, नीतू ध्रुव, सरस्वती घृतलहरे, लछन, अनिता यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं, बालिका, ग्रामवासी जन उपस्थित थे।

## महिलाओं को दी गई अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी

**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचनलता आचला ने बताया कि प्रेस क्लब मुंगेली में आयोजित शिविर में पैरालीगल वालंटियर धर्मेंद्र शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम



में बताया गया कि महिलाएं आज शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और खेल सहित कई क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं। समाज के हर व्यक्ति को महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण का समर्थन करना चाहिए ताकि एक समान और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। इसी कड़ी में थाना जरहागांव अंतर्गत ग्राम छतौना में महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जिला महिला बाल विकास अधिकारी संजुला शर्मा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती द्रोपदी कश्यप एवं पीएलवी गौतम चंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया महिलाओं का सम्मान

**तखतपुर।** महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री वंदना सिंह के नेतृत्व में महिलाओं का महिलाओं के लिए और महिलाओं के द्वारा थीम पर होली मिलन का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार और जिला पंचायत सभापति भारती माली एवं अंबिका साहू उपस्थित रहीं। विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. सुधा नेत्र विशेषज्ञ, एडवोकेट प्रतिज्ञा सिंह, कविता आर्या सृष्टि शर्मा क्रिकेट खिलाड़ी को उनके खेल जगत में प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को झांसी की रानी सेल्फी क्वीन,



मिसाइल और एटम बम टाइटल्स से नवाजा गया। पारंपरिक व्यंजनों जैसे बरा, ठेठरी, खुरमी और चौसेला का भरपूर आनंद लिया।

संचालन भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री वंदना बाला सिंह, श्वेता ठाकुर और आशा ठाकुर अंजलि प्रधान ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सीमा श्रीवास कविता यादव संगीता टांडे लक्ष्मी साहू लता कश्यप मालती यादव अंजलि देवांगन पष्पलता रात्रे अंजू सुरेश देवांगन रजनी देवांगन प्रियंका आहूजा प्रीति हूरा कल्याणी पाण्डेय लक्ष्मीन पाण्डेय जय श्री चौकसे मंगला पाण्डेय लक्ष्मीन साहू कविता यादव सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और नगर की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सवर्ण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**लोरमी।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ इकाई (रजि) भारत ब्लॉक डिंडोरी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह एवं सवर्ण समाज सद्भावना बैठक नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि पं. राकेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज नीतियों का निर्धारण संख्या बल पर आधारित होता है, जो दिखता है, वही बिकता है, इसलिए अपने अस्तित्व और हितों की रक्षा के लिए सम्पूर्ण सवर्ण समाज को एकजुटता का पाठ सीखना वर्तमान परिदृश्य में महति आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहीं पुष्पा शर्मा ने कहा की सवर्ण समाज की महिलाओं तथा बेटे बेटियों को इस अभियान में खुलकर साथ आना होगा। कार्यक्रम को पं. नितेश कृष्ण द्विवेदी, वीरेंद्र गुप्ता, ब्रह्मदत्त त्रिपाठी,



कौशल दुबे, आशीष शुक्ला, मुरारी पाठक, धनंजय दुबे, महेश तिवारी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन महासभा के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत पाठक ने किया। इस अवसर पर महासभा के सविता पाठक, स्मृति पाठक, ब्रम्हदत्त त्रिपाठी, आशीष द्विवेदी, श्रीकांत पाठक, धनंजय दुबे, मनोज मिश्रा, सोमेंद्र पौराणिक, नूतन दुबे, शिव कुमार केसरवानी, नरेंद्र केसरवानी, सुरेंद्र केसरवानी, वीरेंद्र केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, राजेश केसरवानी, सुरेश केसरवानी, लतेल केसरवानी, पिंटू केसरवानी, अंबिका केसरवानी, उमाशंकर केसरवानी, गौरी शंकर केसरवानी, बबलू केसरवानी, मानिक केसरवानी, गणेश केसरवानी, गप्पू केसरवानी, कौशल दुबे, आशीष शुक्ला, मुरारी पाठक, शंकर लाल मिश्रा, संजीव शर्मा, प्रभाकांत उपाध्याय, जयप्रकाश शर्मा, अजय तिवारी, रवि दुबे, ताराचंद तिवारी, अभिजीत तिवारी, विनय पाठक, विशाल दुबे, संदीप शर्मा आदर्श उपाध्याय सुमित तिवारी मानस शर्मा गोविंद शर्मा गोरेलाल तिवारी अक्षय पाठक नितेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद दुबे सुरेंद्र मिश्रा ,सुभाष शर्मा मोहनलाल शर्मा ,संतोष उपाध्याय अशोक उपाध्याय अनिल उपाध्याय महेश तिवारी श्रीकांत तिवारी सूर्यकांत अवस्थी राजा पाठक महेश पाठक व प्रमोद ठाकुर रितेश ठाकुर हितेश ठाकुर खेम सिंह ठाकुर कोमल सिंह ठाकुर ईश्वर सिंह ठाकुर टेक सिंह ठाकुर भारत ठाकुर रामभरोस सिंह ठाकुर सहित सवर्ण समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### केशरवानी महिला समिति ने खेली होली



**मुंगेली।** स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में केशरवानी महिला समिति ने प्रेम और सौहार्द्र का प्रतीक रंगपंचमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव संध्या दीवान ने मंच संचालन करते हुए सदस्यों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में अनिता गुप्ता, जया गुप्ता, सपना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, शुभलक्ष्मी केशरवानी, सीमा गुप्ता, विभा केशरवानी ने कहा कि यह दिन लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नारी शक्ति को नमन करने का अवसर है। अध्यक्ष ज्योति गुप्ता द्वारा गेम खिलाए गए। कार्यक्रम में मनोरमा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सुरेखा गुप्ता, ममता केशरवानी, सरोज गुप्ता, रंजीता, कविता, संध्या केशरवानी, सुलोचना, विजेता, स्मिता आदि सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह में झूम उठे नगरवासी

**पथरिया।** वार्ड क्रमांक 11 स्थित शिव मंदिर के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वार्ड और नगर समेत आसपास ग्रामीण क्षेत्र में लोग भी बड़ी संख्या में उत्सव मनाने पहुंचे। रंग पंचमी पर पार्षद दीपक साहू के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरू भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना से की गई। इसके बाद ग्राम पौसरी की टोली ने कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम शुरू होते ही नगरवासियों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर जुटने लगी। इस प्रकार के प्रथम आयोजन को देख नगर के वरिष्ठ जनो ने सराहना की। कार्यक्रम में भक्ति, छत्तीसगढ़ी जैसे अनेक फाग गीत ने श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक पार्षद दीपक साहू ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी और



युवा वर्ग को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे दयाराम पाली, राजकुमार यादव, रामसाय साहू, सरजू साहू, मना साहू, दुर्गेश साहू, अश्वनी ठाकुर, योगेंद्र यादव, चमनदीप वर्मा समेत वार्ड के युवाओ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सोनी समाज की महिलाओं ने उड़ाए रंग-गुलाल

**मुंगेली।** स्वर्ण आभा सोनी समाज की महिला मंच के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फन गेम आयोजित हुए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फाग गीत मनीषा बूचड़े, सरला सोनी, मंजू सोनी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन जिज्ञासा सोनी एवं नमिता सोनी ने किया। जिज्ञासा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा वर्तमान समय में नारी इतनी सशक्त है कि हर जगह नारी सशक्तिकरण की बात की जा रही है। मगर क्या हम महिलाएं जागरूक एवं सशक्त हुई हैं यह एक जटिल प्रश्न है। इस अवसर पर विभा सोनी द्वारा कविता पाठ किया गया। समूह नृत्य राखी सोनी, जिज्ञासा सोनी, गरिमा सोनी, प्रीति सोनी, शिवानी सोनी, संध्या सोनी, अनु साहू, राधा सोनी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आनंद के अवसर पर जिज्ञासा सोनी, प्रीति



सोनी, बसंती सोनी, राखी सोनी, शिवानी, प्रीति सोनी, प्रमिला सोनी सोनी, छाया सोनी, आरती सोनी, राजेश्वरी सोनी, सरला सोनी, प्रमिला सोनी, रितु सोनी, संगीता सोनी, संध्या सोनी, गरिमा सोनी, श्रद्धा सोनी, नमिता सोनी, मंजू सोनी, विभा सोनी, डॉ. मंजू सोनी, संध्या सोनी, नम्रता सोनी, संध्या सोनी आदि उपस्थित रहे।

## राजपूत क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह

**मुंगेली।** राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से होली मिलन समारोह एवं रंगोत्सव का आयोजन ग्राम कोदवाबानी के महाराणा प्रताप भवन में 7 मार्च को हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई शुभकामनाएं दीं तथा समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, अति विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिंह राजपूत, अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्र नर्मदा सिंह राजपूत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केंद्रीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह राजपूत, केंद्रीय महासचिव लखन सिंह राजपूत, केन्द्रीय प्रवक्ता जलेश्वर सिंह राजपूत, क्षेत्रीय अध्यक्ष थान खमरिया



मनोज सिंह राजपूत, मनहरण सिंह राजपूत, हुकुम सिंह, महेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कवर्धा दिलीप सिंह राजपूत, जनपद सभापति पवन पांडेय, जिला पंचायत सभापति परमेश्वर सिंह राजपूत, संतु सिंह, सोन सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह, रोहित सिंह, मनमोहन सिंह, नरेंद्र सिंह, डा. सुरेश सिंह, दानी सिंह, रोहित सिंह, अरविंद सिंह राजपूत पंकज सिंह, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, केंद्रीय मिडिया प्रभारी रवि सिंह ठाकुर सहित समाज के केंद्रीय क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं ईकाई अध्यक्ष बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों संजोही लोककलां मंच कोटा बिलासपुर की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें लोकगीत, फाग गीत एवं पारंपरिक होली गीतों ने सभी को आनंदित किया।

## होली मिलन समारोह में 100 से अधिक महिलाओं का सम्मान

**भर्रीडांड़।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मरवाही में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं का



सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक हरि प्रसाद पटेल, सुमन लता यादव, मुख्य अतिथि प्रीति श्रीवास्तव, मधु बाबा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि शनिप रात्रे टीआई, प्रीति द्विवेदी, स्नेह लता उपाध्याय, बसंती बघेल, उर्मिला राय, माया सोनी, प्रियदर्शनी नहरेल, नलनी राय, प्रतिभा राय, उमा पाव, राजेंद्र प्रसाद सोनी, प्रयास कैवर्त, सूरज यादव, योगेंद्र सिंह नहरेल, मीना गुप्ता, केशरी यादव, पदमा केवट, जानकी नेटी, विमला बिट्टी राय, सुनीता श्रीवास, सरोज कुशवाहा, अमीन सिंह मरावी, राम प्रसाद, सारनाथ यादव, रामचरण, वेद प्रसाद पोरते, सुकन्या राय, प्रियल त्रिवेदी सहित अन्य मौजूद थे।